उज्जैन
सोमवार
02
फरवरी, 2026
■ वर्ष-12
■ अंक-91
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



चहल के साथ वाले एआई पोस्टर पर भड़कीं शेफाली बग्गा लड़कियों के साथ इस तरह बर्ताव करना बहुत ही घिनौना है

पेज- 8

## बजट सत्र- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आज आएगा धन्यवाद प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का सोमवार को चौथा दिन है। संसद में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। वहीं कल रविवार को संसद में आम बजट 2026-27 पेश किया गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 18 घंटे तय किए गए हैं। लोकसभा में बहस की शुरूआत सबार्नंद सोनोवाल करेंगे। कार्यसूची के अनुसार, बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तारिक अनवर, अमरिंदर राजा वड़िंग, एंटो एंटनी और जोतिमणि धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 फरवरी (बुधवार) को जवाब देंगे।




## तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई, चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डॉक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे। देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डॉक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई जगहों पर सीधे पुरुष डॉक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है।

## पाकिस्तानी डॉन भट्टी बोला- लॉरेंस फर्जी गैंगस्टर, फायरिंग में मेरी मौत की पोस्ट झूठी

**अमृतसर।** पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने अपनी मौत के दावे को खारिज किया है। भट्टी ने एक ऑडियो जारी कर कहा कि एक पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग ने उस पर फायरिंग कराई। जिसमें उसकी मौत हो गई। मगर, मैं कभी पुर्तगाल गया ही नहीं और न ही मुझ पर किसी तरह की कोई फायरिंग हुई है। भट्टी ने कहा कि मुझ पर फायरिंग और मेरी मौत के बारे में लॉरेंस की सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट पूरी तरह झूठी और मनगढ़ंत है। भट्टी ने लॉरेंस को बच्चा कहते हुए कहा कि वह मेरे हाथों में पला है। मैं तो उसे गैंगस्टर ही नहीं मानता। काम कोई और करता था और झूठी पोस्ट, अफवाह और फर्जी जिम्मेदारी लेकर वह गैंगस्टर बन गया।



## अंडरवियर में महिला के साथ नजर आए पूर्व ब्रिटिश राजदूत

**लंदन।** पूर्व ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन की अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए फाइल्स में एक तस्वीर सामने आई है। इसमें मैंडेलसन एक महिला के साथ सिर्फ अंडरवियर और शर्ट में नजर आए हैं, महिला बाथरोब में है। तस्वीर सामने आने के बाद मैंडेलसन ने पीएम कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मंडेलसन ने कहा कि वे पार्टी को और शर्मिंदगी नहीं देना चाहते, इसलिए पार्टी की सदस्यता छोड़ रहे हैं। नए दस्तावेजों में बैंक रिकॉर्ड दिखाए गए हैं, जिनमें 2003 और 2004 में एपस्टीन ने मैंडेलसन से जुड़े खातों में कुल 75,000 अमेरिकी डॉलर के तीन अलग-अलग भुगतान किए थे, हर भुगतान 25,000 डॉलर का था।

### हिमाचल के मनाली में बर्फबारी : अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे

# राजस्थान-मप्र में ओले गिरे, यूपी के 30 जिलों में कोहरा

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली/भोपाल**





उत्तर भारत के मौसम फिर पलट गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी।

मैदान राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने और घने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही।

- आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा।
- पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है।
- गुलमर्ग सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रविवार को बर्फबारी शुरू हो गई है।
- हरियाणा और पंजाब में भी न्यूनतम तापमान बढ़ा है और अधिकांश जगहों पर पारा सामान्य स्तर से ऊपर रहा। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और हिसार में 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि भिवानी और नारनौल में तापमान 6 से 6.5 डिग्री के बीच रहा।
- **3 फरवरी:** हिमाचल प्रदेश में 3 फरवरी को ऊंचे क्षेत्रों में ही बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में तेज बारिश का अलर्ट है।
- **4 फरवरी:** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कोहरे की संभावना है।

# इंदौर में दूषित पानी से 32वीं मौत

### एक महीने से बीमार महिला ने दम तोड़ा, लंबे समय से वेंटिलेटर पर थी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे में एक और मौत हो गई। एक माह से अधिक समय से एडमिट रही अनिता कुशवाह (65) ने रविवार रात को दम तोड़ दिया। अनिता का बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। वह लंबे समय से वेंटिलेटर पर थीं। इन्हें मिलाकर दूषित पानी से अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं।

बेटे नीलेश ने बताया कि उन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी। 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण भाग्यश्री हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। दो दिन बाद डिस्चार्ज होकर घर पर लाया गया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर हालत बिगड़ी। उन्हें 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।

अरबिंदो हॉस्पिटल से उन्हें 4 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती गई। हालत गंभीर होने पर किडनी फेल हो गई, जिसके चलते लगातार हेमोडायलिसिस किया जा रहा था। फिर वेंटिलेटर पर भी लिया गया। इलाज के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट भी आया। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि शासन की ओर से हायर सेंटर पर इलाज करवाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से मरीज को बचाया नहीं जा सका। महिला के पति मिल से रिटायर्ड हैं। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। अनिता कुशवाह का अंतिम संस्कार आज होगा।

भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में 450 से ज्यादा मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, लेकिन दूसरी ओर तीन मरीज अब भी एडमिट हैं। इनमें से 2 आईसीयू में हैं। उनकी हालत काफी क्रिटिकल बनी हुई है।

# एमपी को घाटा, केंद्र से 7500 करोड़ कम मिलेंगे

### 5000 करोड़ से डेवलप होंगे 10 शहर, सिंहस्थ स्पेशल पैकेज नहीं मिला

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश की केंद्रीय करों में हिस्सेदारी बढ़ने की बजाय कम हो गई है। अब अगले पांच साल (अप्रैल 2026 से मार्च 2031 तक) तक एमपी को हर साल करीब 7500 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। साथ ही इस वित्तीय वर्ष यानी 31 मार्च 2026 तक एमपी को 2,314 करोड़ रुपए कम मिलेंगे।

हालांकि एक्सपर्ट का मानना है कि भले ही केंद्रीय करों में हिस्सेदार कम हो गई लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में जो प्रावधान किया है उससे मप्र को फायदा मिल सकता है। केंद्रीय करों की हिस्सेदारी के रुप में इस बार 1.12 लाख करोड़ रु. मिल सकते हैं। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 2 हजार करोड़ रु. मिलने का अनुमान है। बता दें कि रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9वां बजट पेश किया। इस बजट में टू और थ्री टियर शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 12 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। इसका फायदा इस कैटेगरी में आने वाले एमपी के 10 शहरों को मिल सकता है। वहीं देश में बनने वाली पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप में एक भोपाल को मिल सकती है।

# भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में

### पाकिस्तानी नेता बोले- हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा



**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

भारत और यूरोपियन यूनियन के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डॉलर के नुकसान का भी डर है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह एव के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-एव एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा।

वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें। भारत और (एव) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25% ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं।

## वाराणसी में इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**ब्रह्मास्त्र ›› वाराणसी**

वाराणसी में इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। विमान के टॉयलेट में एक पेपर पर लिखा था- 'विमान में बम है, कभी भी फट सकता है'। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट को हार्ट अलर्ट कर दिया गया। तुरंत रनवे और डिपार्चर एरिया खाली कराया गया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

एटीएस, एसटीएफ, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। आपात स्थिति से निपटने के लिए 10 से अधिक एम्बुलेंस लगा दी गईं। यात्रियों को विमान से उतारा गया। 3 से 4 बार उनकी चेकिंग की गई। करीब 2 घंटे पूछताछ चली। गोमती जोन के डीसीपी आकाश पटेल और एसीपी प्रतीक चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अब यात्रियों से अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ए से जेड तक लिखवाया जा रहा है। 1 से 10 तक नंबर भी लिखवाए जा रहा हैं। यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जा रही है।



## खबर एक नजर...

### गैरेज के बाहर खड़ी लोडिंग पिकअप में लगाई आग

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बिछड़ौद में गैरेज के सामने खड़ी लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 09 जीएच 9796 में बीती रात 11 बजे अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। लोडिंग में आग लगती देख आसपास के लोगों ने पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोडिंग जल चुकी थी। तराना थाना पुलिस के अनुसार लोडिंग पिकअप माकडोन के ग्राम कपेली में रहने वाले सोनू पिता भगवानसिंह राजपूत की होना सामने आई है। जिसने संधारण के लिये गैरज पर खड़ी की थी। सोनू की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आग लगाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### ढांचा भवन में शाम को वृद्ध ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन से रविवार शाम श्याम खत्री पिता हीरालाल 52 वर्ष को पुत्र सौरभ चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुत्र ने बताया कि पिता ने फांसी लगाई है। ड्युटी कम्पाउंडर ने पुलिस को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया। बताया जा रहा है कि मृतक ने शराब के नशे में आत्मघाती कदम उठाया है। सोमवार सुबह पुलिस पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू करेगी।

### ऋतुराज गायकवाड़ ने किए महाकाल के दर्शन



**उज्जैन।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए स्टार बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने रविवार को उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने गायकवाड़ और उनके साथियों का स्वागत व सत्कार किया। दर्शन के बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा, जय श्री महाकाल। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। कहीं भी कोई परेशानी नहीं हुई। दर्शन बहुत शांत और सुखद रहे। मैं दोबारा जरूर आऊंगा। ऋतुराज गायकवाड़ अपनी शानदार टाइमिंग, क्लासिक स्ट्रोक प्ले और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने ऑरेंज कैप जीतकर अपनी अलग पहचान बनाई है।

### खंडेलवाल दिवस पर चेयर रेस, सुगम संगीत स्पर्धा के साथ हुई हाऊजी

**उज्जैन।** खंडेलवाल वैश्य पंचायत ने रविवार को माघ पूर्णिमा पर अंकपात मार्ग स्थित अनंत शुभ गार्डन में खंडेलवाल दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन से हुई। रविप्रकाश वाजपेयी की भजन मंडली ने फाग गीत प्रस्तुत किए। समाजजनों ने फूलों की होली खेली। खंडेलवाल युवा परिवार और लेडीज विंग ने चेयर रेस आयोजित की। महिला वर्ग में सरोज जांधिनिया पहले स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में संदीप खंडेलवाल विजेता बने। बच्चों में पहल मेहरवाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। खंडेलवाल क्रिएटिव ग्रुप और क्वींस क्लब ने सुगम संगीत प्रतियोगिता करवाई। वरिष्ठ और बच्चों को सम्मानित किया गया। खंडेलवाल प्रगति मंडल और महिला मंडल ने हाऊजी का आयोजन किया। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन भी हुआ। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। संरक्षक सिद्धेश्वर दास सहित अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जांधिनिया, जनसंपर्क और मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता सहित समाजजन मौजूद थे।

**महाकाल परिसर में विश्व मांगल्य सभा के मातृ संस्कार समागम का आयोजन**

# 1400 महिलाओं ने किया शिव पंचाक्षर स्तोत्र का पाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित मातृ संस्कार समागम इस बार ऐतिहासिक रहा। मालवा प्रांत के 15 जिलों से आई 1400 से अधिक महिलाओं ने महाकाल मंदिर परिसर में एक साथ शिव पंचाक्षर स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया।

यह पहली बार था जब इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं ने यह पाठ एक साथ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सेवा और संस्कार मातृशक्ति के स्वभाव में होते हैं, यह ईश्वर की देन है।

विशेष अतिथि डॉ. मृदुला धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि मां शक्ति भी है, ममता भी और वही समाज में संवेदनशीलता ला सकती है।समागम में भाषा, भूषा, भजन, भोजन, भवन और भ्रमण पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसका उद्घाटन सभी अतिथियों द्वारा किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत खंडवा, बड़वानी और उज्जैन की टीमों ने गणगौर, भगोरिया और शौर्य दल की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सप्तमातृका सम्मान भी प्रदान किए गए।

समाज सेवा, ज्ञान, कला, धर्म, शौर्य और मातृत्व जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सात महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली महिलाओं में ज्ञान के लिए डॉ. अनीता तोमर, उद्यम के लिए हेमलता ताम्हणे, सेवा के लिए भाग्यश्री खड़खड़िया, धर्म के लिए हेमलता सरकार, मातृत्व के लिए रजनी कावड़िया, कला के लिए पद्मश्री शांति परमार और शौर्य के लिए दीपमाला नलवाया शामिल थीं। कार्यक्रम के समापन के बाद झालरिया मठ से महाकाल मंदिर तक एक शोभायात्रा निकाली गई। महाकाल मंदिर पहुंचकर सभी महिलाओं ने महाकाल के आंगन में एक बार फिर शिव पंचाक्षर स्तोत्र का पाठ किया। यह दृश्य श्रद्धा और शक्ति का अद्भुत संगम बन गया।

**पूर्वाह्न में शहरी क्षेत्र के साथ कई जगह बारिश हुई**

# मावठा ने ठंड बढाई, बादलों ने रोकी

## ठंड में कोई खास असर नहीं बढ़ा, आगामी दो दिन और बारिश के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रविवार सुबह मावठा की बारिश से ठंड बढ़ने के आसार बने थे लेकिन बादलों ने ठंड के आसार को कमजोर कर दिया। शहरी क्षेत्र के साथ ही आसपास एवं जिले के कुछ भाग में इस दौरान बारिश हुई है। बारिश होने के बावजूद बादलों के कारण ठंड में कोई खास अंतर दिन में नहीं देखा गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण आगामी दो दिन और बारिश के आसार बताए जा रहे हैं।

रविवार सुबह आसमान में छाए बादलों से शहर में बारिश हुई है। इससे सड़कों पर अच्छी खासी रेलमपेल हो गई। दोपहर तक सड़कों पर कीचड़ एवं गंदगी की स्थिति के साथ पानी जमा देखा गया है। मुख्य सड़कों पर पूर्वान्ह में हुई वर्षा का पानी कुछ घंटों में ही सिमट गया था। रहवासी क्षेत्रों में जरूर पानी से उपजी गंदगी काफी देर तक बनी रही है। बारिश से मौसम में ठंडक का असर बढ़ने के आसार बने थे लेकिन बादलों के होने एवं हवा के कमजोर होने से ठंड का असर नहीं बढ़ सका है। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार रविवार को दिन में शहरी क्षेत्र में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा हल्का सा बढ़कर 15.8 डिग्री सेंट्रीग्रेड दर्ज किया गया है। दिन का अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा एक डिग्री बढ़त के साथ 26.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। आर्द्रता सुबह 80 एवं शाम को 62 फीसदी दर्ज की गई है। हवा की गति सुबह 2 एवं शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली है।

# बिजली कंपनी के अनुभाग अधिकारी भारती का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संभागीय कार्यालय उज्जैन से अनुभाग अधिकारी के रूप में महंत अशोक भारती सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालन यंत्री संचारण संधारण उमेश चौरसिया ने शाल-श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एचआर अविनाश सिंह, कनिष्ठ यंत्री नवनीत मिमरोट, श्रेयांस गुप्ता, संदीप सूर्यवंशी, गजेंद्र ठाकुर, रंजना कावड़कर, अंशुमन भटनागर, विष्णु स्वामी, अनुज कट्ठकर, नीलेश मालवीय, रोहित कारपेंटर, आरती मेहरा, मोनिका परमार, नीतू मरमट, प्रीति श्रीवास, रवि परमार, खुशवंत जाधव, सपना भटनागर, पुष्पेंद्र सिंह मौजूद थे।

# कायस्थ समाज ने यूजीसी एक्ट का विरोध किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**उज्जैन में प्रतीकात्मक फांसी लगाकर की संशोधन की मांग**




उज्जैन में यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज का असंतोष गहराता जा रहा है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून के क्रियान्वयन पर 19 मार्च तक रोक लगा दी है, लेकिन समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है।

इसी क्रम में शुक्रवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में टावर चौक, फ्रीगंज पर कायस्थ समाज ने सवर्ण समाज के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने यूजीसी एक्ट के विरोध में प्रतीकात्मक फांसी लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और जमकर नारेबाजी की।

समाज का कहना है कि यदि इस कानून में समय रहते संशोधन नहीं किया गया, तो यह सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध होगा। युवाओं ने चेतावनी दी कि यह व्यवस्था शिक्षा क्षेत्र में जातिगत वैमनस्य और भेदभाव को बढ़ावा देगी।

कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि वे अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हैं। हालांकि, शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असमानता या वर्गभेद स्वीकार्य नहीं है।

समाज ने आरोप लगाया कि यह कानून सामान्य वर्ग के करोड़ों विद्यार्थियों के साथ अन्याय है और यदि इसे रोका नहीं गया, तो यह एक पूरी पीढ़ी को अंधकार की ओर धकेल देगा। प्रदर्शन के बाद कायस्थ समाज द्वारा प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें यूजीसी एक्ट में आवश्यक संशोधन की मांग की गई। यह प्रदर्शन लगभग एक घंटे तक चला, जिसमें सभी समाज के लोग शामिल हुए।

उज्जैन
सोमवार
02
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥

**अर्थः** अग्ने! उन लक्ष्मीदेवी को, जिनका कभी विनाश नहीं होता है तथा जिनके आगमन से मैं सोना, गौ, घोड़े तथा पुत्रादि को प्राप्त करूँगा, मेरे लिये आह्वान करो।

## खबर एक नजर...

### क्यों जरूरी इनहाउस सिस्टमःजज की पत्नी को पेंशन के लिए कोर्ट जाना पड़ा

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट ने सरकारी नौकरी में ट्रांसफर, प्रमोशन, पेंशन सहित अन्य मामलों के लिए सरकार को अपना इन-हाउस सिस्टम बनाने की सलाह दी है। इस सलाह के पीछे कई ऐसे केस हैं जिनमें कर्मचारियों और उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ी। ऐसा ही एक मामला मप्र हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस एम.डब्ल्यू. देव से जुड़ा है। उनकी पत्नी निर्मला देवी को फैमिली पेंशन के लिए 87 वर्ष की उम्र में हाई कोर्ट में याचिका लगानी पड़ी। उन्हें 80 की उम्र के बाद मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन नहीं मिल रही थी। विभाग से हारकर मार्च 2023 में उन्होंने याचिका दायर की। ढाई साल बाद कोर्ट के आदेश पर 26 लाख 79 हजार रुपए दिए गए। 4 जज ऐसे ही मामले सुन रहे हैंः मप्र हाई कोर्ट में सर्विस मैटर्स से जुड़े 50 हजार से अधिक मामले पेंडिंग हैं। जबलपुर में जस्टिस विशाल धगत और जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी, इंदौर में जस्टिस जय कुमार पिल्लई व ग्वालियर में जस्टिस आनंद सिंह बहरावत रोज सर्विस मैटर्स की सुनवाई कर रहे हैं।

### इंदौर में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**इंदौर।** 22 साल की एक युवती के साथ एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर दिया। उसने कई बार युवती को झूठ बोलकर उसका फायदा उठाया। जब युवती ने शादी का बोला तो वह शादी करने से मना करने लगा और उसे बदनाम करने और जान से मरवाने की धमकी देने लगा। युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर सचिन चौहान निवासी खंडवा के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि युवक उसके ही इलाके का रहने वाला है। साल 2023 में उनकी दोस्ती हुई थी। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। इस बीच वह युवती से मिलने के लिए उसके हॉस्टल पहुंच गया। जहां उसने युवती को शादी करने का झांसा दिया। शादी का झांसा देकर उसने कई बार युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने जब उसे शादी करने का बोला तो वह मना करने लगा। साथ ही वह युवती को धमकाने लगा कि वह उसे बदनाम कर देगा और जान से मरवाने की भी धमकी देने लगा। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। नाबालिग के साथ की हरकत इधर, बाणगंगा इलाके में नाबालिग के साथ एक युवक ने गलत हरकत कर दी। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ कायमी की है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह जब कचरा डालकर लिफ्ट से वापस आ रही थी तभी फिल्ट में एक युवक जिसको वह नहीं जानती वह पहले से लिफ्ट में मौजूद था।

### महिला की शिकायत पर मामला दर्ज

**इंदौर।** हीरा नगर इलाके में एक महिला के साथ एक व्यक्ति ने शादी के रिसेप्शन में गलत हरकत कर दी। जब महिला ने उसे देखा तो वह उस वक्त वहां से भाग गया। उसके बाद महिला शादी से वापस घर लौट आई। शनिवार को जब महिला को उस व्यक्ति की पत्नी दिखी तो उसने घटना के बारे में बताया, तभी वहां वह व्यक्ति भी आ गया और महिला के साथ झूमाझटकी कर दी। हीरा नगर पुलिस के मुताबिक 48 वर्षीय महिला की शिकायत पर नानू पाटीदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह एक शादियों में काम करती है। इस दौरान वह एक शादी के रिस्पेशन में खाना लेने लगी तभी वहां पर नानू आया और उसने गलत हरकत कर दी। जिसके बाद वह मौके से भाग गया। शनिवार को नानू की पत्नी रास्ते में मिली तो उसने घटना के बारे में उसे बताया तभी वहां पर नानू भी आ गया और महिला के साथ झूमाझटकी करने लगा।

**फिनिश लाइन से 100 मीटर पहले बिगड़ी तबीयत; सीपीआर दिया, पर नहीं बची जान**

# इंदौर मैराथन में दौड़ रहे युवक की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में रविवार सुबह मैराथन के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्यन तोदी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला था। आर्यन ने मैराथन में रजिस्ट्रेशन कराया था और दौड़ में शामिल भी हुआ था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आर्यन मैराथन पूरी करने के बेहद करीब था। नेहरू स्टेडियम के फिनिश पॉइंट से महज 100 मीटर पहले उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह स्टेडियम के बाहर गिर पड़ा। उस वक्त मैराथन पूरी हो चुकी थी।



कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत पीछे ही थे। उन्होंने आर्यन को संभाला, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आर्यन को बॉम्बे हॉस्पिटल लेकर गए, लेकिन वहां भी उसे मृत ही बताया गया। शुरूआती तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक मानी जा रही है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत ने बताया कि आर्यन 21 किमी की दौड़ में शामिल था। लौटने के दौरान फिनिश लाइन से कुछ पहले वह अचानक गिरा। दूसरे रनर्स उसे उठाने लगे। तब तक मैं पहुंचा तो उसकी धड़कन बंद हो चुकी थी। उसे तत्काल सीपीआर दिया और एमवाय अस्पताल के पांचवीं मंजिल स्थित आईसीयू में ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने कोशिश की, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### मूल रूप से नेपाली, परिवार कोलकाता में रहता है

डॉ. रावत ने बताया कि आर्यन का परिवार अभी कोलकाता में रहता है, लेकिन मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। वे 20 साल पहले नेपाल गए थे तो उसके परिवार से तब बातचीत होती थी। आर्यन यहां अपने चचेरे भाई के साथ रहता था। उसकी मौत की सूचना नेपाल में रह रहे उसके रिश्तेदारों तक भी पहुंच गई है।

### इंदौर में फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी में था

आर्यन आज पहली बार मैराथन में शामिल नहीं हुआ था। वह पहले भी कई बार पार्टिसिपेट कर चुका था। आर्यन का परिवार नेपाल का काफी प्रतिष्ठित परिवार है। उसके पिता हरीश तोदी बिजनेसमेन हैं और इन दिनों दिल्ली में हैं। आर्यन इंदौर में जल्दी ही फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी में था। डॉ. रावत ने बताया कि इंदौर में मैराथन में कार्डियक अरेस्ट से मौत पहला मामला नहीं है। अन्य शहरों में भी ऐसे मामले पहले हुए हैं। ऐसे मामले फिनिश लाइन (दौड़ पूरी खत्म होने के बाद लौटने के दौरान) के पास ही हुए हैं।





**छत पर करीब एक घंटे नाबालिग के साथ रहा हत्यारा**

# पूछताछ में अलग-अलग बातें बताता रहा आरोपी, साथी की तलाश में पुलिस

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

एमआईजी थाना इलाके में एक नाबालिग की युवक ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी। बाद में शव को फ्लैट में पलंग पेटी में छिपा दिया था। पुलिस ने शंका के आधार पर नाबालिग के हत्यारे को पकड़ लिया। उसके एक साथी की तलाश पुलिस कर रही है। आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वह दोनों करीब एक घंटे से ज्यादा देर तक छत पर थे।

मामला इंदौर के श्रीनगर इलाके का है। यहां रहने वाले 13 साल के नाबालिग की रेहान ने हत्या कर दी थी। एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी.सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने ही नाबालिग को इशारा कर बुलाया था। जिसके बाद वह उसे छत पर ले गया और वहां पर उसके साथ हरकत करने की कोशिश की, लेकिन



उसके चिल्लाने पर उसने नाबालिग को ईंट मारी और रस्सी से गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। नाबालिग के लापता होने पर परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार देर रात को परिवार के लोगों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को श्रीदेवी अपार्टमेंट की छत पर नाबालिग का जैकेट मिला, जिस पर खून के निशान थे।

पुलिस ने तुरंत ही बिल्डिंग में सर्चिंग शुरू की और हर फ्लैट में तलाशी लेने लगी। इस बीच आरोपी रेहान हर वक्त पुलिस के साथ-साथ घूम रहा था। टीआई को जब उसकी हरकतों पर शंका हुई तो उससे पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस पर उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने नाबालिग की हत्या कर शव को पलंग पेटी में छिपाने की बात कहीं। जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर उसका पीएम करवाया। टीआई ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि नाबालिग और हत्यारा दोनों करीब 1 घंटे से ज्यादा देर तक छत पर थे। वह रात करीब साढ़े 7 बजे सीसीटीवी कैमरे में नजर आया था। बाद में लोगों ने उसके चिल्लाने की आवाज सुनी थी। इस आवाज को सुन कुछ लोगों ने डायल-112 को कॉल किया था, जब पुलिस यहां पहुंची थी, तो बिल्डिंग के लोगों ने कुछ जानकारी नहीं दी थी। हालांकि पूछताछ में वह कभी उससे रुपए लेने की बात कहता तो कभी कुछ। नाबालिग की हत्या करने के बाद रेहान ने अपने रिश्तेदार को कॉल कर बुलाया था। रिश्तेदार ने रेहान के साथ मिलकर नाबालिग के शव को छिपाने में उसकी मदद की थी। इस मामले में पुलिस रिश्तेदार की भी तलाश कर रही है। टीआई का कहना है कि टेक्निकल आधार और मुखबीर तंत्र से रिश्तेदार की जानकारी निकाली गई है।

# पीथमपुर में वाहन चेकिंग में 82 पेटी शराब जब्त



**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित संजय जलाशय चौकी पुलिस ने लगभग 2.26 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब जब्त की।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें माउंट सुपर स्ट्रॉन्ग 6000 बीयर की कुल 82 पेटियां मिलीं। यह अवैध शराब राऊ से मानपुर की ओर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने शराब के साथ पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ओ.पी. अहीर, चौकी प्रभारी अजय सिंह भदौरिया, सहायक उप निरीक्षक ओमेंद्र सिंह भाटी, प्रधान आरक्षक मुकेश गिरवाल, आरक्षक लोकेश भाबर, आरक्षक दिलीप सोलंकी और आरक्षक अर्पित सहित पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**एक सोसायटी की अपील पर अपर सचिव का फैसला**

# पेंट हाउस की रजिस्ट्री में जितना एरिया, उतने का मेंटेनेंस देना होगा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

आवासीय-व्यावसायिक मल्टियों में मेंटेनेंस वसूली को लेकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव ने अहम आदेश दिया है। एक सोसायटी की अपील पर सुनवाई करते हुए अपर सचिव ने साफ कहा कि सरकार की राय यह है कि पेंट हाउस के जितने एरिया की रजिस्ट्री हुई है, उतने एरिया का मेंटेनेंस पेंट हाउस



मालिक को ही चुकाना होगा।

यह तर्क स्वीकार्य नहीं होगा कि पेंट हाउस के आसपास की खुली छत कॉमन एरिया है। यदि रजिस्ट्री में ओपन टेरेस के एरिया को भी जोड़कर रजिस्ट्री की गई है तो उसका मेंटेनेंस भी देना पड़ेगा।

अधिवक्ता पंकज खंडेलवाल के मुताबिक, 6 मार्च 2024 को एडीएम के आदेश को अपर सचिव के समक्ष चुनौती दी गई। अपर सचिव ने अपने फैसले में कहा कि एडीएम ने पड़ोस की सोसायटियों में प्रचलित मेंटेनेंस नीति को आधार बनाकर अपील खारिज की, जो विधि के अनुरूप नहीं है।

सरकार की स्पष्ट राय है कि यदि रजिस्ट्री में ओपन एरिया भी शामिल है तो मेंटेनेंस कुल एरिया को जोड़कर किया जाएगा। इसी आधार पर अपर सचिव ने एसडीएम और एडीएम के आदेशों को निरस्त कर दिया।

## खबर एक नजर...

### एसआईआर को लेकर समन्वय बैठक में तैयार की रूप रेखा

**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसर निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया एसआईआर के संबंध ओर आगे किया रूप रेखा होगी के बारे में दौलतगंज ब्लॉक अध्यक्ष रहीम लाला द्वारा समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी उपस्थित सदास्यों ने अपने सुझाव रखें। बैठक के पाश्चात संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद नूर, पूर्व पार्षद सुरेश गहलोत, सलीम भाई गैस वाले, वरुण शर्मा, एड. मकसूद अली, प्रतीक जैन, मेहताब लाला, अनवर नागौरी, वीरभद्र वर्मा, अशफान उल्ला खान, ओम रामी, माजिद लाला, संचित शर्मा, उपाध्याय जी, राजेश बाथली, हातिम भाई हर हर, सांकेत रामी, शेख कबीर, मोहम्मद असलम, समीर मिर्जा,मोहम्मद अलीम शेख जावेद राजा नागौरी वसीम बंटी आदि मौजुद थे।

### यूथ हॉस्टल्स उज्जैन का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ।

उज्जैन। युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उज्जैन यूनिट का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन गंभीर डेम पर किया गया जिसमें लगभग डेढ़ सौ सदस्यों ने भाग लिया।

विस्तृत जानकारी देते हुवे संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की स्नेह सम्मेलन में आगामी ट्रेकिंग, केम्प एवं पर्यटन पर चर्चा कर योजना बनाई गयी। कार्यक्रम में, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के दुर्गम स्थानों पर सफलता पूर्वक ट्रेकिंग करके आये सदस्यों का स्वागत कर संस्था का मोमेंटो भेट किया। कार्यक्रम मे विभिन्न खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसमे विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। स्नेह सम्मेलन मे संस्था के पदाधिकारी दिलीप चौहान,निर्दोष निर्भय, अशोक वर्मा,गोपाल महाकाल,मिलन गुप्ता,जयंत तेलंग,अनिता तोमर,अनुपमा झा,अनिता गौड,शशिकांत वीरकर,राजेश योहान,हितेश अखंड,अनिल हजेला,प्रदीप जोग इत्यादी उपस्थित थे।

# निःशुल्क हृदय जांच शिविर शास्त्री नगर से प्रारंभ

## सैकड़ो लोगों ने लिया जांच , परामर्श एवं उपचार का लाभ

### आज शिविर राजीव नगर, प्रकाश नगर और कंचन पूरा में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के दिल से कहो अपने मोहन जी है न, निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान अंतर्गत पहला शिविर जिला प्रशासन के सहयोग से 1 फरवरी रविवार को शास्त्री नगर संजीवनी क्लिनिक में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर जांच परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में मित्र समूह पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो अपने मोहन जी है न, सम्पूर्ण उज्जैन जिले में चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पहला शिविर 1 फरवरी रविवार को जिला प्रशासन के सहयोग से वार्ड 46 स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में अमलतास सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास द्वारा आयोजित किया गया जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल, इसीजी एवं इको सहित अन्य आवश्यक जांच निःशुल्क की गई। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने शिविर में उत्साह के साथ सहभागिता की एवं सैकड़ों लोगों ने जांच, परामर्श और उपचार का लाभ लिया, आवश्यक एवं गंभीर लोगों को अस्पताल टीम द्वारा एंबुलेंस से अस्पताल भी भेजा गया। शिविर के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन अध्यक्ष विक्रम सिंह गोंदिया, पार्षद एवं एम आई सी सदस्य कैलाश प्रजापत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र खत्री उपस्थित रहे, झोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, झोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया एवं पार्षद प्रतिनिधि गोपाल बलवानी, अभियान के महानगर संयोजक दीपक अग्रवाल, विजय द्विवेदी,प्रकाश गोमे, धर्मेंद्रसिंह भदौरिया, शिविर संयोजक सोनू भाटिया, कमल बिलोनीया, राजेश व्यास, महेश पंजवानी, महेन्द्र गोमे, जितेंद्र चोधरी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

श्री खोईवाल ने आगे बताया कि आज 2 फरवरी, सोमवार को शहर में 3 शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें वार्ड क्र-4 राजीव नगर संजीवनी क्लिनिक में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल, वार्ड 37 प्रकाश नगर संजीवनी क्लिनिक में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर एवं वार्ड 39 स्थित कंचन पूरा संजीवनी क्लिनिक में अरविंदो अस्पताल द्वारा शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ सहित जांच टीम उपचार व परामर्श देगी। खोईवाल ने इन शिविरों में भाग लेकर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती चल समारोह का कांग्रेस ने किया स्वागत

गुरु रवि दास जी भारत के महान संत और समाज सुधारक थे, उनकी विचार धारा, जाती विहीन समाज ओर आपसी भाई चारे पर आधारित थी।

यह बात संत शिरोमणि गुरु रवि दास जी महाराज की जयंती पर समाजजनों द्वारा निकाले विशाल चल समारोह में समाजजनों का स्वागत करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कही। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि संत रविदास जी महाराज की भक्ति, दर्शन और ईश्वर का अटूट आशीर्वाद प्राप्त था मां गंगा स्मरण करते ही प्रकट होती थी।

# 100 निराश्रित बुजुर्गों को गेहूं वितरण किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




युवा मंच सत्संग समिति के तत्वाधान में उज्जैन नगर के 100, निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह प्रति बुजुर्ग को 10 किलो गेहूं वितरण किए जाते हैं। इस श्रृंखला में 1 फरवरी को फरवरी माह का गेहूं वितरण कार्यक्रम मंच कार्यालय श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मांगीलाल कडेल, लायंस क्लब उज्जैन महाकाल अध्यक्ष राजेंद्र गिल, रवि भंडारी, आरपी सिंह, नरेंद्र राठी, सुधीर गुप्ता के थे। कार्यक्रम का संचालन मंच संयोजक विठ्ठल नागर ने किया। अतिथियों का स्वागत मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, फूलचंद जडीया, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम आरोड़, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, अशोक कपूर, मूलचंद राठौर, बाबूलाल मारोठिया, महेंद्र रामी, महेंद्र कटिहार, मोतीलाल चौहान, मांगीलाल राजनेता, धनीराम रायकवाड, मंचसंयोजक लीलाधर आड़तिया, युवा मंच महिला सत्संग समिति मार्गदर्शक प्रतिभा अग्निहोत्री, संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, महामंत्री पिंकी यादव, कविता राय, मीता आठिया, गेहूं वितरण समिति संयोजन राजेश राणा, दारा सिंह, अध्यक्ष शिवनारायण जागीदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, जमनालाल यादव, अशोक शर्मा कारपेंटर, श्याम यादव, ओम यादव, मानव सेवा समिति संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉ सागर मारोठिया, संगठन मंत्री सचिन ठाकुर, लोकेंद्र रामी, अमित दुबे, दिनेश परमार, उपाध्यक्ष अनिल पांचाल, अर्जुन माली, सह सचिव अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र डोडिया आदि मौजूद रहे।

गेहूं वितरण में सहयोग 5100 रुपये राजेंद्र काले द्वारा नगद गेहूं वितरण हेतु दिए। 1000 कल्पना कातरे द्वारा नगद गेहूं वितरण हेतु दिये। सभी दानदाता एवं अतिथिगण का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

### डॉ दिनेश यादव का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

महिदपुर ब्लॉक के पूर्व बीएमओ व वर्तमान नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश यादव के सेवानिवृत होने पर विदाई व सम्मान समारोह जिला चिकित्सालय चरक भवन में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्ति पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, संभागीय उपाध्यक्ष एल एन गहलोत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, ओपी यादव के नेतृत्व में सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार पटेल की अध्यक्षता में एवं सिविल सर्जन संगीता पलसानिया, डॉ मुंशी खान, डॉ प्रमोद अर्गल के मुख्य आतिथ्य में माला पहनाकर मिठाई खिलाकर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महाराष्ट्रीयन सारस्वत समाज न्यास के स्नेह सम्मेलन में हुआ नई कार्यकारिणी का गठन

**उज्जैन।** महाकाल सिंधी कॉलोनी स्थित समाज भवन में महाराष्ट्रीयन सारस्वत समाज न्यास वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में वर्ष 2025 में दिवंगत हुए सदस्यों स्व. श्री सुभाष पेड़णेकर, स्व. श्री कमळाकर कवठेकर, स्व. श्री दिलीप केकरे, स्व. श्री सुधीर केकरे तथा स्व. सौ. आरती अमोल अरोनदेकर को समाजजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात समाज के कोषाध्यक्ष सुधीर वेंगुरलेकर ने वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया। साथ ही वर्ष 2026 से 2028 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। वर्ष 2026 से वर्ष 2028 तक कार्यकारिणी में कीर्ति भांड अध्यक्ष, रेणुका उपाध्यक्ष, कीर्ति लाड सचिव, अतुल रेगे कोषाध्यक्ष बनाए गए। इनके अलावा योगिता कवठेकर, प्रकाश लाड, सचिन, धर्मेश कवठेकर, शुभांगी शिराळकर, अनिल वर्दे, विनोद, सुचित्रा अरोनदेकर को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर कार्यकारणी के ट्रस्टी सदस्य, कार्यकारणी सदस्य भूषण केकरे, श्री राम वेंगुर्लेकर, पद्माकर कवठेकर, मिलिंद वागले, सारे समाज सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन कीर्ति भांड ने किया।

# क्षेत्रवासी, संदीपनि-उदयन मार्ग सड़क चौड़ीकरण पर सवाल

### ठोस तर्क के अभाव में पुनर्विचार की मांग, मुख्यमंत्री तक पहुंची क्षेत्रवासियों की आवाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षेत्रवासी, संदीपनि-उदयन मार्ग, उज्जैन के प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी गंभीर आपत्तियाँ और सुझाव रखे। क्षेत्रवासियों का स्पष्ट कहना है कि यह मार्ग पहले से ही पर्याप्त चौड़ा है और वर्तमान यातायात दबाव को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण की कोई ठोस आवश्यकता नहीं है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सिंहस्थ मेला प्रांगण इस मार्ग से लगभग 12-13 किलोमीटर दूर स्थित है और इस सड़क से 1 घंटे में मुश्किल से 100 से भी कम लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में इस मार्ग को सिंहस्थ या बड़े यातायात दबाव से जोड़ना व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता।

क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि मक्सी रोड फोरलेन का कार्य पहले से ही प्रगति पर है। यदि इसी समय संदीपनि-उद्यान मार्ग पर भी चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाता है, तो ट्रैफिक का वैकल्पिक मार्ग क्या होगा, इस पर कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक अव्यवस्थित होने की आशंका है।

इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर ने क्षेत्रवासियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सड़क चौड़ीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाएगा। नगर निगम सभापति कलावती दीदी ने भी क्षेत्रवासियों की मांग को जायज मानते हुए सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि किसी भी निर्णय से पहले जनहित और व्यावहारिक पहलुओं पर विचार किया जाएगा।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के तर्कों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि यदि सड़क चौड़ीकरण का कारण यह बताया जा रहा है कि अधिकारियों की गाड़ियाँ ट्रैफिक में फँसती है, तो यह ट्रैफिक मैनेजमेंट की विफलता है, न कि दुकानों और मकानों को तोड़ने का आधार। समाधान सड़क तोड़ना नहीं, बल्कि अतिक्रमण हटाना और यातायात व्यवस्था को सुधारना होना चाहिए

प्रशासन द्वारा यह कहा जाना कि विक्रम नगर स्टेशन की भीड़ इस मार्ग से निकाली जाएगी, क्षेत्रवासियों को व्यावहारिक नहीं लगता। यह मार्ग फ्रीगंज जैसे घने व्यावसायिक क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहाँ पहले से ही अत्यधिक ट्रैफिक दबाव रहता है। ऐसे में इस मार्ग से भीड़ निकालने से शहर के भीतर यातायात कम होने के बजाय और अधिक बढ़ेगा। क्षेत्रवासियों ने सीधा प्रश्न उठाया कि क्या प्रशासन शहर के भीतर ही भीड़ डालना चाहता है? सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के लिए यह सोच न तो सुरक्षित है और न ही व्यवहारिक । इस पूरे विषय को लेकर क्षेत्रवासियों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से भी मांग की है कि जनहित, यातायात व्यवस्था, पर्यावरण और स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस सड़क चौड़ीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और कोई भी निर्णय जन-सहमति और ठोस ट्रैफिक प्लान के बिना न लिया जाए।

## खबर एक नजर...

### 55 अधिक लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष इकाई शिविर का आयोजन 27 जनवरी से 2 फरवरी तक गोदग्राम चिंतामण जवासिया में किया जा रहा है। जिसमें षष्ठ दिवस पर सन्त रविदास जयंती के अवसर पर त्रिनेत्र आई हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. पराग शर्मा ने क्षेत्रीय रहवासियों एवं गुरुकुल के विद्यार्थियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया। जिसमें उन्होंने उनके चश्मों के नम्बर की जाँच की और उन्हें निःशुल्क दवाई भी वितरित की। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि श्री हनुमंत वैदिक गुरुकुल,चिंतामण जवासिया में आयोजित शिविर में लगभग 55 अधिक लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के यश शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, सुरितराम ध्रुव, रामप्रसाद पंवार, आशीष श्रीवास्तव, अर्पित शुक्ला, विशाल शर्मा, वेंकटेश अग्निहोत्री, अनंत द्विवेदी, लक्ष्य सोमानी, अमेय उदेनिया, आलेख शर्मा, दुर्गेश शर्मा आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### रविदास घाट पर श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई संत रविदास जयंती

उज्जैन। रविदास घाट पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर घाट पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आरती, प्रसाद वितरण एवं दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संत रविदास जी के समानता, प्रेम और मानवता के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# माघ पूर्णिमा बौद्ध भिक्खुओं का प्रशिक्षण शिविर सम्मपन्न

### वेश्य टेकरी (बौद्ध स्तूप) पर की पूजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

1 फरवरी को उज्जैन में सम्राट अशोक बुद्ध विहार से धम्मयात्रा के रूप में बौद्ध भिक्खु संघ के रूप में धम्मयात्रा पैदल मार्च कर टावर चौक स्थित भारत रत्न बोधिसत्व बावा साहव डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद कानीपुरा के पास स्थित वेश्य टेकरी बौद्ध स्तूप पर वार्षिक आयोजन में सम्मिलित हुये।



माघ पूर्णिमा एवं संत रविदास जयंती के उपलक्ष में वेश्य टेकरी बौद्ध स्तूप पर वार्षिक आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा के साथ मिलकर सभी संगठनों द्वारा किया जाता है०। माघ पूर्णिमा के दिन भगवान ने पंचवर्गीय भिक्खुओं के सम्मुख अनिच्च लक्खन सुत्त का उपदेश किया था। धम्मचक्र प्रवर्तन सुत्त के उपदेश से सिर्फ कौण्डिण्य अर्हत हो पाये थे, शेष चार भिक्खुओं को अर्हत्व अवस्था अनिच्च लक्खन सुत्त सुन कर उपलब्ध हुई थी। उस दिन माघ पूर्णिमा थी जिस दिन सारिपुत्त और मोद्गल्यायन की दीक्षा हुई और भगवान ने उन्हें अपना धम्मसेनापति घोषित किया। माघ पूर्णिमा के दिन ही वैशाली के चापाल चैत्य में भगवान के द्वारा स्तब्धकारी घोषणा की गयी थी कि तीन माह बाद तथागत महापरिनिर्वाण को उपलब्ध होंगे। भगवान की घोषणा सुन कर महाप्रजापति गौतमी सहित पांच सौ अरहत भिक्खुनियों ने निर्णय लिया कि भगवान के महापरिनिर्वाण से पहले वे परिनिर्वाण को उपलब्ध होंगी, माघ पूर्णिमा से लेकर अगले सात दिनों तक महाप्रजापति ने भिक्खुनी संघ को अभूतपूर्ण उपदेश दिया और सातवें दिन परिनिर्वाण को उपलब्ध हुईं।

# कवि अंशुल जैन आराध्यम को जैन कवि रत्न सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अभ्युदयपुरम पावन तीर्थ के तृतीय वर्षगांठ,(ध्वजारोहण) के अवसर पर अभ्युदयपुरम ट्रस्ट मंडल की और से प्रतिवर्ष दिया जाने वाला जैन कवि रत्न सम्मान जैन कवि संगम द्वारा आयोजित काव्य समारोह में ललितपुर उत्तर प्रदेश के ख्यात राष्ट्रीय कवि एवं प्रसिद्ध गीतकार डॉ अंशुल जैन आराध्यम को डॉ मुक्तिसागर सुरीश्वर जी महाराज साहब की पावन उपस्थिति में अभ्युदयपुरम ट्रस्ट मंडल के सदस्यों एवं जैन कवि संगम के सदस्यो द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में ट्रस्ट मंडल के विजय सुराणा, हस्तीमल संघवी दिल्ली, मफतलाल संघवी मुंबई, चिराग बांठिया, प्रियांश जैन, सुभाष दुग्गड़, बृजेश श्रीमाल, संजय जैन खलीवाला सहित ट्रस्ट मंडल के सदस्य उपस्थित थे। जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन, सचिव राजेंद्र जैन ने महाराज श्री की अगवानी की। काव्य समारोह का शुभारंभ ब्यावरा के प्रसिद्ध हास्य कवि डालचंद मनमौजी की महावीर वंदना से हुआ। डॉ अंशुल जैन आराध्यम ने जब रचना सुनाई तो पंडाल तालिया से गूंज उठा। महाराज श्री ने अंशुल जी को आशीष प्रदान किया। काव्य पाठ करने वालों में अमित जैन, विकास चौरसिया, राकेश जैन, गोपाल गर्वित, राकेश चौरडिया, संगीता तल्लेरा, गौरव त्रिवेदी, सुगनचंद जैन आदि ने काव्य पाठ किया। काव्य समारोह का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि पंडित अशोक नागर ने किया।

# बेटियों ने भरी सफलता की बास्केट, खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में जीता ब्रॉन्ज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



म.प्र.शासन द्वारा आयोजित खेलों एम.पी.यूथ गेम्स, बास्केटबॉल राज्य प्रतियोगिता का आयोजन इन्दौर मे 28 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें उज्जैन की बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त जानकारी देते हुए उज्जैन कारपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अपने सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा तृतीय स्थान के लिये ग्वालियर को 58-42 से पराजित कर कांस्य पदक जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र.ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, कुलविंदर सिंह गिल महासचिव बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आकर्षक ट्रॉफी, मेडल और केश प्राइज प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, कोच मनीषा पंवार, प्रगति जैन, सुनिता यादव और विनोद पांचाल उपस्थित थे। उज्जैन की वृतिका कुरेल, अपराजिता, नेहा राय, तेजस्वी मंगरोले आदि खिलाड़ियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया।

# टूरिस्ट तीर्थ यात्रा ऑपरेटर एसोसिएशन ने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात

### मुख्यमंत्री के किया आश्वस्त, टूर ऑपरेटरों और बस मालिकों को तत्काल राहत के रूप में 2 माह का समय दिया जाएगा

### ताकि वे अपनी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित कर सकें और यात्रियों को असुविधा न हो

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश टूरिस्ट तीर्थ यात्रा ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर एयरपोर्ट पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर तीर्थ एवं टूरिस्ट बस संचालकों की वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्रीलाल परमार, सचिव अनिल भावसार, भूरू यादव, रमेश नाहर, भावन कालरा , मोहन जी चौहान तथा उज्जैन एवं इंदौर संभाग के अनेक अन्य सदस्य उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि हाल ही में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों के कारण अनेक टूर ऑपरेटरों और बस मालिकों का व्यवसाय प्रभावित हुआ है। अचानक बनी स्थिति से यात्राएं रुक गई हैं, जिससे आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर असर पड़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने पूरी संवेदनशीलता के साथ विषय को सुना और समस्या की गंभीरता को समझा। उन्होंने आश्वासन दिया कि टूर ऑपरेटरों और बस मालिकों को तत्काल राहत के रूप में 2 माह का समय दिया जाएगा, ताकि वे अपनी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित कर सकें और यात्रियों को असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री से मुलाकात संभव कराने में मंत्री तुलसी सिलावट, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक गोलू शुक्ला तथा विधायक रमेश मेंदोला का विशेष सहयोग एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसोसिएशन ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल बस संचालकों बल्कि तीर्थ यात्रियों के हित में भी है। एसोसिएशन ने भरोसा दिलाया कि सभी सदस्य शासन के नियमों का पालन करते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करेंगे।

### खेलो एमपी खेलो राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के लय शर्मा बने उपविजेता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में हुए खेलो एमपी खेलो राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के होनहार बॉक्सिंग खिलाड़ी लय शर्मा को रजत पदक प्राप्त हुआ।

लय शर्मा ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कई खिलाड़ियों को हराया और उज्जैन को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। उनकी इस उपलब्धि पर उज्जैन के शिक्षा जगत खेल विभाग ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खेलो एमपी खेलो बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लय शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य अतिथि में भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित की गई।

# 10 सालों में गरीबी कम नहीं हुई, रोजगार छीने, नौकरियां खत्म की- रवि राय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संसद में केंद्रीय बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले दस सालों में लाखों भारतीय मल्टीडाइमेंशनल गरीबी से बाहर निकले हैं। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि एक दशक में सरकार की कोशिशों की वजह से लगभग 25 करोड़ लोग मल्टीडाइमेंशनल गरीबी से बाहर आए हैं। वित्त मंत्री के इस बयान पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ रवि राय ने कहा कि सरकार ने 25 करोड़ कम किए और 85 करोड़ को अनाज दे रहे हैं तो 110 करोड़ गरीब है, तो क्या बाकी के 30 करोड़ लोग ही देश में संपन्न हैं।

रवि राय ने कहा सरकार ने आकलन तो कर दिया पर गरीब कहाँ कम हुए? कहाँ गरीबों को मकान मिले? हर शहर में कम से कम 10-10 हजार झुग्गी-झोपड़ियों में लोग निवास कर रहे हैं आज भी। जो आज भी गंदे पानी पी रहे। स्ट्रक्चर है कहाँ? स्मार्ट सिटी कहाँ है? बजट केवल दिखावा... जो केवल भाषण तक ही सीमित रहेगा और मीडिया चैनलों तक ही रहेगा। और देश का जो गरीब और नागरिक, जो आम लोग हैं, झुग्गी-झोपड़ी, गरीब बेचारा वर्ग है, आर्थिक रूप से पिछड़ा लोग है... बस इस बजट के आंकड़े को पढ़ के ही संतोष कर लेंगे।

रवि राय ने कहा बजट हर साल आता है। पर आम भारत के नागरिकों में, आम प्रकार का जो सुधार होना चाहिए, उनका जीवन स्तर का जो सुधार होना चाहिए, उनका जीवन स्तर उन्नत होना चाहिए... वो तो कुछ भी नहीं हो रहा है। केवल भारत के स्ट्रक्चर पे पैसा खर्चा किया जा रहा है। पर स्ट्रक्चर के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध होना चाहिए। बेरोजगारी दूर होना चाहिए, कल-कारखानों की स्थापना होना चाहिए।

रवि राय ने कहा पहले एक टाइम था गांधी-नेहरू के युग में, सरकारें खुद अपने उपक्रम लगाती थीं। अब सरकारों ने उपक्रम लगाना छोड़ दिया है और सारा उपक्रम प्राइवेट सेक्टर में डाल दिए हैं। अब लोगों को रोजगार कैसे मिलेगा? यहाँ तक कि रेलवे के अंदर भी लोगों को रोजगार नहीं दे पा रहे। रवि राय ने कहा सरकार केवल आंकड़ों में गरीब कम करने में जुटी हुई है, धरातल पर नहीं। अच्छा होगा सरकार झूठी बाते और जुमलेबाजी बंद करे, देश हित में काम करे।

### श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव में निकली शोभायात्रा

उज्जैन। जूना गुजराती लोहार सुतार समाज ने आराध्य देव श्री विश्वकर्मा का जयंती महोत्सव मनाया। सुबह से रात तक हुए आयोजन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों के साथ बच्चों ने भी सहभागिता की। समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर पांचाल पांचाल युवा मंच अध्यक्ष विशाल पांचाल महिला अध्यक्ष विद्या जी पांचाल के अनुसार शुरूआत आराध्य देव के अभिषेक, हवन से की गई। दोपहर में कार्तिक चौक स्थित धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं लाल-पीली साड़ियों और पुरुष सफेद कपड़ों में शामिल हुए। धर्मशाला से रामघाट तक विश्वक मार्जी के जयकारे गूंजे। श्री विश्वकर्मा भक्त पुरस्कार के लिए लक्की ड्रॉ भी निकाला गया। समाज के सचिव अरुण पांचाल के अनुसार दोपहर 3 बजे से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। शाम 4 बजे से शैक्षणिक पुरस्कार एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शाम 7 बजे महाआरती की गई। रात 8 बजे से महाप्रसादी रखी गई। श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव के अध्यक्ष सोहन पांचाल के अनुसार समाजसेवी जगदीश विश्वकर्मा, नागदा ने समाज को एक लाख 51 हजार रुपए निर्माण कार्य के लिए दिए।विश्वकर्मा भगवान की महाआरती राजेश पांचाल, उमेश पांचाल नागेश्वर धाम द्वारा 35000 में की गई। त्रिपुर सुंदरी माताजी की आरती 12000 में की गई और गणेश जी की आरती 11000 में की गई। तीनों महा आरती एक ही परिवार द्वारा की गई।

## खबर एक नजर...

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम में दिलाई स्वदेशी अपनाने की शपथ

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत ग्राम स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टकवासा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अरुण व्यास (विकासखंड समन्वयक), सुनील बारोट (परामर्शदाता), मोतीलाल जी पटेल (सामाजिक कार्यकर्ता) एवं शिवनारायण जी पटेल (वरिष्ठजन) मंचासीन रहे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम की विस्तृत रूप से बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा यह अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत ग्राम में स्वावलंबी एवं शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारियां प्रदान की जा सके। सुनील बारोड द्वारा सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। शिवजी पटेल,रमेश पटेल, गणपत लाल, भगवान सिंह, रतनलाल,गट्टू दा कार्यक्रम में ग्रामीणजन एवं समिति सदस्यों की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन संजय चौहान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव एवं आभार गोवर्धन गोयल समिति अध्यक्ष ने माना।

# बारिश व ओलावृष्टि से अफीम,गेंहू सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान, किसानों की टूटी कमर

### कांग्रेस नेताओ ने प्रभावित गांवों में खेतों में जाकर नुकसानी को देख अधिकारियो से की चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› मल्हारगढ़



क्षेत्र में रविवार को दोपहर 3.30 बजे हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से अफीम व गेंहू सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान हुवा है।रविवार को जनपद सदस्य गणपत पंवार,नागेश्वर चौहान व किसानों की सूचना पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसनेता अनिल शर्मा, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती,विधानसभा युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल अहीर, ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनिल मुलासिया आदि हरमाला, बोरखेड़ी, लसुडिया कदमाला,झारड़ा खेतो में ओर नुकसानी को देखा नुकसानी से विधायक विपिन जी जैन जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया को भी अवगत करवाया। झारड़ा के किसान दीपक जोशी ने बताया कि मेरे 25 बीघा के गेंहू,10 आरी का अफीम,तेज ओलावृष्टि एव बेमोसम बारिश से पूरी तरह से बर्बाद होगई जिजमे लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुवा है। हरमाला के अफीम उत्पादक किसान सरदारबाई पति भेरूलाल पंवार ने बताया कि ओलावृष्टि से मेरी 10 आरी की अफीम की फसल पूरी चौपट हो गई,किशनगढ़ के शीतल कुंवर ने बताया कि मेरे 5 आरी की अफीम की फसल पूरी तरह चौपट होगई,अम्बालाल,सूरजमल भाटी ने बताया कि हमारी 10-10 आरी अफीम की फसल के डोडे ओलावृष्टि से नष्ट होगये सिर्फ पत्ते ही रह गए।लसुडिया कदमाला के किसान राजाराम चौहान ने बताया कि मैने 4 बीघा के गेंहू बोए थे जो अचानक हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से सभी आड़े होगये सारी फसल बर्बाद होगई ,किशनसिंह ने भी 4 बीघा के गेंहू बोए थे भारी नुकसान होगया,रमेश पडियार आदि ने बताया की पहले से परेशान किसानों पर आफत की बारिश व ओलावृष्टि ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

कांग्रेसनेता अनिल शर्मा एवं बाबुखा मेवाती ने क्षेत्र में हुई भयंकर ओलावृष्टि व बेमोसम बारिश से हुए फसले के नुकसान को लेकर अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी से चर्चा कर तत्काल टीम गठित कर सर्वे करवाकर पर्याप्त मुआवजा एवं अफीम उत्पादक किसानों को सरकार राहत भी दे। इस मौके पर जनपद सदस्य गणपत पंवार, जिला कांग्रेस के सचिव नागेश्वर चौहान, तुलसीराम, रामलाल, रमेश, जगदीश, करण, दिनेश, मदनलाल, देवीलाल, अमृतराम,सुरेंद्रसिंह,प्रहलाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### कैश वैन गार्ड की गोली लगने से मौत, समय पर डाक्टर न मिलने से हुई मौत

**नीमंच।** जिले के रतनगढ़ क्षेत्र के सेंट्रल बैंक की कैश डिलीवरी वैन में तैनात सुरक्षा गार्ड को उसकी ही 12 बोर बंदूक से गोली लगने से गंभीर हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि लोडेड गन का बटन अचानक दब जाने से गोली उसके कूल्हे में जा लगी। घायल गार्ड को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतनगढ़ ले जाया गया,लेकिन आरोप है कि वहां पदस्थ चिकित्सक डॉ. प्रांकुर यादव मौजूद नहीं थे। समय पर इलाज नहीं मिल पाने से हालत बिगड़ने पर उसे नीमच रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# पुलिस वेलफेयर के अंतर्गत पुलिस परिवार व बच्चों के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म बॉर्डर 2 का सामूहिक प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार द्वारा पुलिस वेलफेयर के अंतर्गत एक अनूठी एवं प्रेरणादायी पहल करते हुए आज दिनांक 1 फरवरी को पुलिस परिवार एवं उनके बच्चों के साथ देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत फिल्म बॉर्डर 2 का सामूहिक रूप से आनंद लिया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस कल्याण की भावना को सुदृढ़ करते हुए पुलिस परिवार के साथ खुशियाँ साझा करना, ड्यूटी के तनाव से इतर परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना तथा बच्चों में देशभक्ति, कर्तव्यबोध एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार करना रहा।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आज दोपहर में पुलिस वाहन के माध्यम से सभी पुलिस परिजनों एवं बच्चों के साथ आनंद बिग मॉल पहुंचकर फिल्म देखी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं पुलिस परिवार एवं बच्चों के बीच उपस्थित रहे और उनके साथ समय व्यतीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों में फिल्म को लेकर विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला, वहीं पुलिस परिवारों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सकारात्मक एवं प्रेरक बताया।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक रतलाम श्री मोहन भर्रावत, सूबेदार श्रीमती मोनिका ठाकुर सहित पुलिस परिवार के सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को पुलिस बल के मनोबल एवं पारिवारिक जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। रतलाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी पुलिस वेलफेयर, पारिवारिक सहभागिता एवं सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु इस प्रकार के सकारात्मक प्रयास निरंतर जारी रखे जाएंगे।

### ऑटो चालक ने जहरीला पदार्थ खाया, उपचार दौरान हुई मौत

नीमच। शहर के बघाना थाना क्षेत्र के अरनिया कुमार निवासी जगदीश सल्फास का सेवन करने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7.30 बजे जगदीश ने सल्फास का सेवन कर लिया, जिसके बाद वे अचेत अवस्था में पाए गए।

### तंत्रआचार्य अर्चना सरमंडल को भानु पुरस्कार से सम्मानित किया

उज्जैन। अहमदाबाद में आयोजित 39वे ज्योतिष सम्मेलन में तंत्रआचार्य अर्चना सरमंडल को भानु पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिराल फाउंडेशन द्वारा सेमिनार का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी किया गया था। जिसमें उज्जैन की अर्चना सरमंडल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। यह सम्मेलन गुप्त ज्ञान महाकुंभ गुड विद्या तंत्रआचार्य तंत्र के रहस्यों के बारे में किया गया था। जिसमें देश के कोने-कोने से ज्योतिषाचार्य तंत्राचार्य टैरो कार्ड हस्तरेखा वास्तु विज्ञान रहस्यों के बारे में अपने-अपने अनुभवों की जानकारी दी। यहाँ उन्होंने अपने अनुभवो की जानकारी दी। अर्चना सरमंडल को उत्कृष्ट का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड साधना ज्योतिष के क्षेत्र में भानु पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी बने महंत, रामादल अखाड़ा परिषद ने दी महंताई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी को वैष्णव संतों ने महंताई प्रदान की।महंताई के पश्चात आप 'श्री पंच रामानंदीय खाकी अखाड़ा' के अंतर्गत महंत बन गए है। उनका नामकरण महंत श्री राकेश दास जी' के रूप में हुआ।

रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास जी महाराज ने इन्हें अपने शिष्य के रूप में गुरु दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर उज्जैन के रामादल अखाड़ा परिषद के सभी संत, महंत, महामंडलेश्वर उपस्थित थे। सभी ने चादर-कंठी अर्पित करके महंताई प्रदान की। शनि मंदिर भक्त परिवार की तरफ से सभी संत-महंतों का स्वागत सत्कार किया गया, भोजन प्रसादी कराई गई। इस अवसर पर उज्जैन अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास जी, निवार्णी अणि अखाड़े के महंत श्री दिग्विजय दास जी, निमोर्ही अखाड़े से महंत श्री चरण दास जी, दिगंबर अखाड़ा से महंत श्री रामचंद्र दास जी, महंत श्री भगवान दास जी, खेड़ापति हनुमान मंदिर के महंत हरिहर दास जी रसिक, खाकी अखाड़े से महंत तुलसीदास जी, महंत रूपकिशोर रसिक जी, श्री चारभुजा मंदिर से आचार्य नरेंद्र वैष्णव, वैष्णव बैरागी समाज अध्यक्ष श्री रामेश्वर दास, ओम बैरागी, अनिल बैरागी, सुरेश बैरागी जी,श्री मनोज बैरागी,श्री रवि बैरागी,सचिन बैरागी जी,श्री माधव रसिक जी,श्री राजेंद्र दास जी समस्त वैष्णव बैरागी समाज बंधुओं एवं स्नेही भक्त जनों की बधाई देकर के चादर विधि की शुभकामना प्रेषित की गई

# संत श्री नर्मदानंद बापजी की तीसरी नर्मदा परिक्रमा पूर्ण

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



श्रीश्री 1008 श्री नर्मदानंद बापजी के तीसरी नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर रतलाम की ओर आगमन से पूर्व बदनावर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने उनके दर्शन-वंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद् अध्यक्ष मीना शेखर यादव द्वारा मंत्री श्री काश्यप के समक्ष शव वाहन की आवश्कता से जुड़ी मांग रखने पर संत श्री की उपस्थिति में मंत्री श्री काश्यप द्वारा चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के माध्यम से शव वाहन भेंट करने की स्वीकृति दी गई। मंत्री श्री काश्यप द्वारा शव वाहन भेंट करने की स्वीकृति दिए जाने से बदनावर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों की परेशानियां खत्म होगी। वर्तमान में अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जो नए वाहन के आने से नहीं होगी। इसका संचालन नगर परिषद् द्वारा किया जाएगा, जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क होगा। दरअसल नगर परिषद के पास मौजूद वाहन जर्जर हो चुका है। ऐसे में संत श्री की उपस्थिति में मंत्री श्री काश्यप के आगमन पर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा मांग रखने और उसके पूर्ण होने से उपस्थित जनों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर भाजपा नेता शेखर यादव के साथ आयोजक परिवार की ओर से बाबूलाल चौधरी, सीमा राजेश चौधरी द्वारा भी मंत्री श्री काश्यप का स्वागत किया गया।

## खबर एक नजर...



### अंतर-क्लब शूटिंग प्रतियोगिता में मंदसौर के निशानेबाजों ने जीते 9 पदक

मंदसौर। उज्जैन में संपन्न हुई संभाग स्तरीय तृतीय अंतर-क्लब राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में नियुद्ध एयरगन शूटिंग एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मंदसौर के 9 होनहार निशानेबाजों ने विभिन्न आयु वर्ग में 4 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में लखन सेन, अर्पण भंडारी, सान्वी कालरा एवं विशाल धनगर ने स्वर्ण पदक जीता वहीं डिना हरतलिया, यशवर्धन चौहान, हिमाद्री सोनी एवं अर्पित सुथार ने रजत पदक व वर्षा सेन ने कांस्य पदक जीता। वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक डॉ. नियुद्धाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, मुख्य प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, अजय सिंह चौहान आदि ने विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### लायंस क्लब मन्दसौर के माध्यम से हुआ सत्र का 33वां नेत्रदान

मन्दसौर। जैन समाज की सुश्राविका बादाम बाई चपरोत के देवलोकगमन के पश्चात परिजनों की सहमति से लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से उनका नेत्रदान संपन्न हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया पूर्ण की। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि लायंस क्लब मंदसौर के प्रयासों और जन-जागरूकता से शहर में नेत्रदान के प्रति एक नई अलख जागी है। इस सत्र का यह 33वां नेत्रदान है, जो नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। इस अवसर पर क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, सुनील बाफना, शैलेन्द्र चौरडिया, रवि रिजवानी एवं मयूर सुराना ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महाप्रसादी के साथ संपन्न हुआ पावागढ़ माताजी मंदिर का माघ मेला

पिपलिया मंडी। नगर में सत्य सनातन धर्म संकट मोचन बालाजी के तत्वाधान में तथा पावागढ़ माताजी मंदिर समिति के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कनघट्टी मार्ग पर पावागढ़ माताजी मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय माघ मेला विशाल महाप्रसाद जी के साथ संपन्न हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष चौथमल गुप्ता के नेतृत्व में, महामंत्री हरिप्रसाद गेहलोत, कोषाध्यक्ष संतोष परिहार,पवन घाटिया, प्रभारी दरबारसिंह सोनगरा के सराहनिय प्रयास से निर्विघ्न रूप से मेला संपन्न हुआ। महाप्रसादी का हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।

### अमित शाह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष बने मालपानी का हुआ सम्मान

पिपलिया मंडी। जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अरनिया जटिया के पूर्व सरपंच श्री मुकेश मालपानी द्वारा अपने कार्यकाल पूरी निष्ठा व सराहनीय सेवाएं प्रदान की। इसी कार्यशैली को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ, एस, के शुक्ल के निदेर्शानुसार भारत सरकार ने श्री मालपानी को अमित शाह यूथे ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष पद नियुक्त किया है। सभी इष्ट मित्रों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए आशा की की अमित शाह की नितियों, विचारों व सिध्दांतों को निरंतर भारत विकास में जन-जन तक पहुंचाने में योगदान रहेगा।

# द्वादश पाट महोत्सव पपु बाबा अलबेलीशरण जी महाराज के सानिध्य में चोली ग्राम में मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी का द्वादश पाट महोत्सव पपु बाबाश्री अलबेलीशरण जी महाराज के सानिध्य में चोली ग्राम में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। सात दिवसीय महोत्सव की शुरूआत रविवार को पाटोत्सव के साथ हुई। मंदिर में प्रातः काल से ही ब्रज भाषा में केलिमाल जी के पद गूंजने लगे थे। संतों ने समाज श्रृंखला के पद गाए। बाबा जी महाराज ने भी कुछ ठाकुर जी की बधाई के पद सुनाए।

इस अवसर पर ठाकुर जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया था। उत्सव में हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित थे। भगवान की महाआरती की गई और 4 क्विंटल बूंदी महाप्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर रात्रि में तालाब किनारे स्थित गौरी सोमनाथ मंदिर प्रांगण में 11 हजार दीपक जलाए गए। जिसके लिए मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से रंगोली और दीपकों से सजाया गया था। दीपक जलाने के बाद भगवान गौरी सोमनाथ मंदिर की बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज द्वारा काकड़ आरती की गई। आरती में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। बाबाजी ने भजन भी गए। ठा श्री राधाविनोद बिहारी जी विग्रह रूप में 500 वर्ष पूर्व यहां



विराजित हैं। बाबाजी की प्रेरणा से वर्ष 2015 में मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद से आज तक मंदिर का पाट महोउत्सव मनाया जाता रहा है।

वहीं 11 फरवरी को 1 दिवसीय रासलीला का आयोजन नगर के नर्मदा घाट पर होना है

12 से 16 फरवरी तक महोत्सव के तारतम्य में ग्राम में रोज रात्रि 8 बजे से रासलीला का आयोजन होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया वृंदावन के श्रीराम शर्मा जी की रास मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जाना है। साथ ही 12 से 16 तक वृंदावन स्थित बांके बिहारी जी के प्राकट्यकर्ता स्वामी श्री हरिदास जी की चरित्र कथा का वाचन पपू श्री किशोरीदास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। 16 फरवरी की शाम आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

17 फरवरी को भंडारे के साथ पाट महोत्सव का समापन होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही ही हैं। महोत्सव में बड़ी संख्या में देशभर के प्रसिद्ध संतों का आगमन गांव में होगा। जिसमें ज्ञान गुदड़ी (वृंदावन) के बाबा श्री कुंज बिहारी जी भक्तमाली जी, जठेरी धाम (राजस्थान) के मुखिया विपिन बिहारीदास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### नर्मदा घाट पर होगी रासलीला

समिति सदस्य पर्वत ठाकुर और भारतसिंह ठाकुर ने बताया रविवार को पाट उत्सव के रात्रि आयोजन के दौरान ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी मंदिर और गौरी सोमनाथ मंदिर को 11 हजार दीपकों और रंगोली से सजाया जाएगा। वहीं 11 फरवरी को सुबह 9 बजे एक दिवसीय रासलीला का आयोजन मंडलेश्वर में भी होना है। जिसमें पं श्री राम शर्मा की रासलील मंडली द्वारा भगवान श्री कृष्ण और राधा जी के नौका विहार प्रसंग का विशेष मंचन नर्मदा तट स्थित रामघाट पर भी होगा।

### धर्म प्रभावना बहुमंडल के तत्वाधान में आयोजित मंडल विधान का हुआ शुभारंभ

खंडवा। धर्म प्रभावना बहुमंडल के तत्वाधान ३१ जनवरी से २ फरवरी 2026 तक आयोजित त्रिदिवसीय मंडल विधान एवं आध्यात्मिक शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ।शनिवार को प्रातः श्रीजी की पालकी यात्रा निकाली गई जो श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सराफा से घंटाघर होते हुए श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला पहुची, पालकी यात्रा में महिलाएं केशरिया वस्त्र एवं पुरूष श्वेत वस्त्र धारण किये हुए थे।

# सांवरिया सेठ दरबार तक भव्य पैदल यात्रा 4 फरवरी को

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच।

गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सांवरिया सेठ मंडफिया तक की पैदल यात्रा आगामी ॅ फरवरी 2026 बुधवार को सुबह 8.30 बजे प्रारंभ होगी । नीमच से लगभग 90 किलोमीटर दूर पैदल चलकर मंडफिया धाम पर आस्था का सैलाब पहुंचेगा। विगत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सांवरिया भक्त मंडल द्वारा जोर शोर से पैदल यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस वर्ष सांवरिया सेठ की पैदल यात्रा इतिहास रचने जा रही है। सांवरिया भक्त मंडल के अरुल अरोरा गंगानगर ने बताया कि इस पैदल यात्रा को दिव्य और भव्य रूप देने के प्रयास किए गए है। चिकित्सा सुविधाओं के लिए मेडिकल टीम साथ चलेगी। पूरी यात्रा के दौरान भजन कीर्तन गायन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर बेहतरीन भजन गायकों को बुलाया गया है । जगह–जगह विभिन्न संगठन और समाजसेवियों द्वारा यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा । यात्रा से एक दिन पूर्व 3 फरवरी मंगलवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रख्यात भजन गायक छोटू सिंह रावणा अपनी प्रस्तुति देंगे । यह भजन संध्या नीमच में लायंस पार्क चौराहा के यहां शाम 7.30 से आयोजित की जाएगी 4 फरवरी 2026 को पदयात्रा नीमच से शुरू होगी, राजस्थान के निम्बाहेडा कृषि उपज मंडी परिसर में पैदल यात्रा का पडाव होगा, निम्बाहेडा में रात्रि विश्राम के दौरान आकर्षक भजन संध्या का आयोजन होगा। अगले दिन 5 फरवरी 2026 को अलसुबह पैदल यात्रा शुरू होगी, जो दोपहर तक मंडफिया धाम पहुंचेगी। मंडफिया में भक्तों के भोजन के लिए विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

### बारिश व ओलावृष्टि से नीमच जिले में अफीम -गेहूं फसलो में भारी नुकसान

**नीमच।** रविवार को नीमच व मंदसौर जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ हैद्य नीमच जिले के पलसोड़ा भंवरसा झारडा पूर्व में भी फसलों में बारिश है किसानों को नुकसानी हुई थीद्य रविवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि अफीम की खेतों में दौड़े टूट गए हैं फसल आड़ी हो गई है.

# यूजीसी के कानून के हटने तक जारी रहेगा आंदोलन-भरत जोशी



ब्रह्मास्त्र ›› पिपलियामंडी

भारत सरकार के द्वारा लाए गए काले वो यूजीसी के विरोध में स्वर्ण समाज द्वारा भारत बंद के आह्वान पर संपूर्ण मल्हारगढ़ ब्लॉक पिपलिया नारायणगढ़ मल्हारगढ़ पूर्णतः बंद रहे। स्वेच्छा से सभी जगह के व्यापारियों ने अपने अपने व्यापार व्यवसाय पूर्णतः बंद रख बंद का समर्थन किया।

स्थानीय गांधी चौराहे पर मंचीय सभा का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के नेता भरत जोशी ने बोला की सरकार द्वारा थोपे गये इस अंगेजी शासन के काले कानून को हम नहीं मानने वाले हैं, हमारे पुरखो ने सालों से देश की आजादी की लड़ाइयाँ लड़ी है ओर आज भी हमारी रगो में उनका ही खून है । हमने नरेंद्र मोदी की सरकार बनाई है ओर हम ही इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।

इस बार सरकार ने हमारे बच्चों की शिक्षा को खत्म करने का प्रयास किया है।कार्यक्रम को कृष्णपाल सिंह शक्तावत करनी सेना परिवार की दुर्गेश कुंवर भाटी मानसिंह शक्तावत राजेंद्र सिंह शक्तावत मुकेश पोरवाल ₹निडर ₹ लोकेंद्र सिंह चौहान मानसिंह चौहान बाबूलाल नागर राज नागदा इन्दर सिंह चुण्डावत राजेंद्र सिंह झाला मोहनलाल गुप्ता सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस दौरान प्रेम शर्मा मांगूसिंह शक्तावत राजेंद्र सिंह शक्तावत बरखेड़ा जय सिंह बलवंत सिंह झाला सुनील जैन भाष्कर जोशी श्रीपाल सिंह नरेंद्र सिंह गणपत सिंह शैतान सिंह गोविंद पोरवाल सुनील घटिया नागेश तिवारी जीवन शर्मा कारण राजपूत गजेंद्र राजपूत लेखराज सिंग आदि उपस्थित थे।



### एमपी बटालियन की एनसीसी ए प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न, 400 कैडेट्स ने लिया भाग

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

5 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन, मंदसौर के कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश (भारतीय सेना) के तत्वावधान में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें मंदसौर, कयामपुर, गरोठ और नीमच को केंद्र बनाया गया जिसमें कुल 400 कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें केंद्र क्रमांक 2 पर मंदसौर सेंट थॉमस स्कूल में एनसीसी ए प्रमाण पत्र परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

इस परीक्षा में सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सांदीपनि विद्यालय मल्हारगढ़, सैनिक स्कूल मंदसौर एवं श्री दलोदा पब्लिक स्कूल दलौदा के कुल 133 छात्र सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के अंतर्गत प्रैक्टिकल परीक्षा में ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट तथा वेपन ट्रेनिंग से संबंधित विषयों का परीक्षण किया गया। सभी कैडेट्स ने अनुशासन और प्रशिक्षण के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त एनसीसी च्एज् प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा का आयोजन १ फरवरी को किया गया। जिसमें बटालियन के आर्मी स्टाफ द्वारा परीक्षा पेपर बंद लिफाफे विद्यालय प्राचार्य सिस्टर अभया एवं सीनियर कैडेट्स के समक्ष खोले गए एवं परीक्षा प्रारंभ की गई परीक्षा का संचालन एनसीसी अधिकारियों फर्स्ट ऑफिसर जितेंद्र कनौजिया, सेकंड ऑफिसर धीरज शुक्ला, विक्रम शर्मा (प्राचार्य) कयामपुर, पूर्व चीफ ऑफिसर वीरेंद्र कुमार तिवारी, केयर टेकर नीतिराज सिंह, एवं प्रशिक्षकों में सूबेदार अमर पाटिल, विष्णु खींची की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



## सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है।

एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में आलिया ने कहा, ह्लकई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है। मैं ऐसा नहीं चाहती। बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया ने कहा, ह्लअब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है, तो वह इतनी पर्सनल हो गई है कि उसे शेयर करना थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरे फोन की फोटो गैलरी मेरी बेटी राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए अलग से मेहनत करनी पड़ती है।ह्व

उन्होंने मां बनने को एक बड़ा बदलाव बताया। आलिया के मुताबिक, इससे न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, प्राथमिकताएं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल जाता है।

# चहल के साथ वाले एआई पोस्टर पर भड़कीं शेफाली बग्गा

**लड़कियों के साथ इस तरह बर्ताव करना बहुत ही घिनौना है**

एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट और एंकर शेफाली बग्गा सोशल मीडिया पर वायरल उस तस्वीर को लेकर भड़क गईं, जिसमें एआई से बनाए गए पोस्टर में उनका नाम क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ जोड़ा गया। इन पोस्टर्स में चहल को उनकी एक्स वाइफ धनश्री वर्मा, कथित एक्स पार्टनर आरजे महवश और शेफाली बग्गा के साथ दिखाया गया। ये पोस्टर फिल्म किस किसको प्यार करूं के पोस्टर जैसे बनाए गए थे।

इन पोस्टर्स पर रिएक्ट करते हुए शनिवार को शेफाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह बहुत ही घिनौना है! जिस तरह ये ट्रोल्स लड़कियों के साथ बर्ताव करते हैं, वो बेहद शर्मनाक है। अपनी जिंदगी जियो। यह हमारी मेंटैलिटी का क्लासिक उदाहरण है।

बता दें कि ये अक जनरेटेड पोस्टर्स ग्राफिक डिजाइनर विजय कुमार बारिया ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे, जिसके बाद ये तेजी से वायरल हो गए। इसको लेकर युजवेंद्र चहल ने भी रिएक्शन दिया, लेकिन उनका अंदाज थोड़ा मजाकिया था। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, 2-3 रह गई हैं एडमिन, अगली बार अच्छे से रिसर्च करना।

बता दें कि शेफाली और चहल के रिश्ते की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब दोनों को हाल ही में मुंबई के एक रेस्टोरेंट से साथ निकलते देखा गया। उनकी फोटो और वीडियो सामने आने के बाद गॉसिप पेजेस पर चर्चा तेज हो गई। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि युजवेंद्र चहल की प्राइवेट लाइफ पहले से ही सुर्खियों में रही है। धनश्री वर्मा से तलाक के बाद उनका नाम आरजे महवश से जुड़ा था, लेकिन हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया, जिससे उनके रिश्ते को लेकर भी अटकलें खत्म हो गईं।








## तमन्ना भाटिया के स्टोर लॉन्च में पहुंचे आर्यन खान

**सामंथा रुथप्रभु, सिद्धार्थ मल्होत्रा, पूजा हेगड़े समेत कई फिल्मी सितारों ने की शिरकत**



पॉपुलर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बतौर एक्ट्रेस कामयाबी हासिल करने के बाद अब जूलरी बिजनेस में कदम रखा है। शनिवार को उन्होंने मुंबई के जुहू में फाइन जूलरी का तमन्ना स्टोर लॉन्च किया है। स्टोर लॉन्च इवेंट में फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स ने शिरकत की। इस दौरान बैड्स ऑफ बॉलीवुड डायरेक्टर आर्यन खान भी तमन्ना को सपोर्ट करने पहुंचे हैं। तमन्ना भाटिया पेरेंट्स के साथ स्टोर लॉन्च इवेंट की होस्ट बनीं। उन्होंने व्हाइट फ्रिल ऑफ शोल्डर टॉप के साथ बैगी जींस पहना था। इस लुक को उन्होंने मैस्सी बन, पॉइंटेड सिल्वर हील्स और डायमंड जूलरी से कंप्लीट किया था।

# फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की जमानत खारिज

**हाईकोर्ट ने माना- इस स्तर पर बेल देना उचित नहीं, डॉक्टर से की करोड़ों की धोखाधड़ी**

करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी सहित 3 लोगों की जमानत याचिका राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने माना कि इस स्तर पर जमानत की सुविधा दिया जाना उचित नहीं है।

राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस विनोद कुमार भारवनी ने इस मामले में सुनवाई की। इस दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध किया। उनका तर्क था कि इस मामले में अभी जांच चल रही है। अब तक की जांच में पाया गया है कि आरोपी विक्रम भट्ट और श्वेताम्बरी भट्ट ने अलग-अलग नामों से अलग-अलग फर्जी बिल तैयार करवाकर शिकायतकर्ता से पैसा ट्रांसफर करवाया है। उस पैसे को अपने खातों में डलवाकर खुद ने ही उपयोग में ले लिया।

उन्होंने कहा- इस प्रकार आरोपियों ने मिलकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग नाम के अकाउंट में 4 करोड़ 23 लाख 13 हजार 424 रुपए लिए। इसमें से 1 करोड़ 65 लाख 69 हजार 955 रुपए खुद के ही खातों में डलवाकर कर्जा उतारने के लिए उपयोग में ले लिए।

विशिष्ट लोक अभियोजक ने कहा- आपराधिक कृत्य में प्रार्थी मेहबूब अंसारी की सक्रिय भूमिका जांच के दौरान सामने आई है। उन्होंने यह भी कहा- प्रार्थी द्वारा गवाहों पर भी दबाव बनाया जा रहा है, महत्वपूर्ण अनुसंधान अभी बाकी है। अलग से अभी पूछताछ करनी है।

अगर इस समय यदि प्रार्थी को जमानत पर छोड़ दिया गया तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए जमानत आवेदन निरस्त किया जाए। हाईकोर्ट ने श्वेताम्बरी वी. भट्ट पत्नी विकम भट्ट, विक्रम भट्ट पुत्र प्रवीण भट्ट और मेहबूब अंसारी पुत्र उस्मान अंसारी के जमानत आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया।

**30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

राजस्थान के उदयपुर के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की ऋक्फ उदयपुर में दर्ज कराई थी।



डॉ. अजय मुर्डिया का आरोप था कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया। इस सिलसिले में दिनेश कटारिया ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो बुलाया था। कटारिया ने उन्हें विक्रम भट्ट से मिलवाया, जहां भट्ट से बायोपिक बनाने पर चर्चा हुई थी।

कुछ दिन बाद विक्रम और श्वेतांबरी भट्ट ने डॉक्टर अजय मुर्डिया को कहा- 7 करोड़ रुपए और फाइनेंस करके वे 4 फिल्में 47 करोड़ में बना सकते हैं। इन फिल्मों की रिलीज से 100 से 200 करोड़ रुपए तक मुनाफा हो जाएगा। इसके बाद उनके स्टाफ में अमनदीप मंजीत सिंह, मुदित, फरजाना आमिर अली, अबजानी, राहुल कुमार, सचिन गरगोटे, सबोबा भिमाना अडकरी के नाम के अकाउंट में 77 लाख 86 हजार 979 रुपए ट्रांसफर करवाए। इस तरह 2 करोड़ 45 लाख 61 हजार 400 रुपए ट्रांसफर किए। वहीं इंदिरा एंटरटेनमेंट से 42 करोड़ 70 लाख 82 हजार 232 रुपए का भुगतान किया गया, जबकि चार फिल्मों का निर्माण 47 करोड़ में किया जाना तय हुआ था।

### दो मूवी रिलीज हुई, एक पर काम भी शुरू नहीं किया



विक्रम भट्ट और श्वेतांबरी भट्ट ने केवल 2 फिल्म का निर्माण कर रिलीज करवाया। तीसरी फिल्म विश्व विराट लगभग 25 प्रतिशत ही बनाई गई। चौथी फिल्म महाराणा-रण की अभी तक शूटिंग भी शुरू नहीं हुई। आरोप है कि डायरेक्टर ने फिल्म महाराणा-रण के ही 25 करोड़ हड़प लिए। इंदिरा क्श्रके मालिक डॉ. अजय मुर्डिया (पीड़ित) ने फिल्म डायरेक्टर, उनकी पत्नी, बेटी कृष्णा निवासी अंधेरी वेस्ट, मुंबई, दिनेश कटारिया निवासी सहेली नगर उदयपुर, महबूब अंसारी प्रोड्यूसर निवासी ठाणे, मुदित बुटट्टान निवासी दिल्ली, गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव डीएससी चेयरमैन, अशोक दुबे जनरल सेक्रेटरी, फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज मुंबई के खिलाफ भूपालपुरा (उदयपुर) थाने में रिपोर्ट दी थी।

## पाकिस्तान सरकार का ऐलान, बांग्लादेश के समर्थन में 15 फरवरी के महामुकाबले का बॉयकॉट किया

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होगा। पाकिस्तान सरकार ने रविवार शाम को इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया। दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में एक-दूसरे से भिड़ने वाली थी। हालांकि, अब तक यह तय नहीं है अगर नॉकआउट में भारत सामने आया तो पाकिस्तान मैच खेलेगा या नहीं?

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 24 जनवरी को बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दी थी। क्ळउ के इस फैसले के विरोध में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट कर दिया।

**टूर्नामेंट खेलेंगे, लेकिन भारत से मैच नहीं- पाकिस्तान सरकार-** पाकिस्तान ने रविवार को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने  पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

**प्रधानमंत्री से मिले थे पीसीबी चीफ-** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने सोमवार, 26 जनवरी को प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में पाकिस्तान के वर्ल्ड कप पार्टिसिपेशन और भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर बातें हुईं। नकवी ने कहा था कि शुक्रवार या सोमवार तक आखिरी फैसला लिया जाएगा। अब रविवार को सरकार ने इस पर फैसला ले लिया।

**भारत तय समय पर श्रीलंका जाएगी-** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी को श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।

**ग्रुप स्टेज में 3 ही मैच खेलेगा पाकिस्तान-** बॉयकॉट के बाद पाकिस्तान और भारत की टीमें ग्रुप स्टेज में 3-3 मैच ही खेलेगी। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। वहीं टीम इंडिया 7 फरवरी को अमेरिका, 12 फरवरी को नामीबिया और 18 फरवरी को नीदरलैंड से भिड़ने वाली है।

**वर्ल्ड कप में भारत को सिर्फ एक मैच हरा सका है पाकिस्तान-** टी-20 और वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का भारत के खिलाफ रिकॉर्ड काफी खराब रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच अब तक 8 भिड़ंत हो चुकी है। भारत ने 7 और पाकिस्तान ने सिर्फ 1 बार जीत हासिल की है। वनडे वर्ल्ड कप में दोनों के बीच अब तक हुए सभी 8 मैच भारत ने जीते हैं।

**भारत-पाकिस्तान पर क्या होगा असर-** भारत और पाकिस्तान की टीमें वर्ल्ड कप के ग्रुप ए में है। चारों ग्रुप में 5-5 टीमें हैं, जिनमें से 2-2 टीमें सुपर-8 स्टेज में जाएंगी। पाकिस्तान के बायकॉट का मतलब यह होगा कि इस मैच के 2 पॉइंट्स भारत को मिल जाएंगे और भारत के सुपर-8 में पहुंचने की राह काफी आसान हो जाएगी।आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक बॉयकॉट करने से पाकिस्तान का रन रेट भी खराब होगा। वहीं भारत का रन रेट बेहतर हो जाएगा। 16.10.7 क्लॉज में बताया है कि पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन होंगे। जबकि भारत का एक भी ओवर काउंट नहीं होगा। इससे पाकिस्तान का रन रेट निगेटिव में भी जा सकता है। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। पाकिस्तान बाकी मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर इस स्थिति में भी सुपर-8 में पहुंच सकती है।

**आईसीसी को कितना नुकसान-** वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच होता है। कई बार इस मैच को व्युअरशिप फाइनल से भी ज्यादा होती है। यह मैच न होने से सबसे ज्यादा नुकसान ब्रॉडकास्टर को होगा। ब्रॉडकास्टर पहले ही मैच के सारे विज्ञापन स्लॉट बेच चुके हैं। आईसीसी को सीधा नुकसान नहीं है क्योंकि वह पहले ही मीडिया राइट्स बेच चुकी है। हालांकि, यह मैच न होने से ब्रॉडकास्टर आईसीसी से नुकसान की भरपाई की मांग कर सकते हैं। अलग-अलग एनालिसिस के मुताबिक वर्ल्ड कप में एक भारत-पाकिस्तान मैच से होने वाली कमाई पूरे वर्ल्ड कप की कमाई का लगभग 8 से 10% तक होती है।

**पाकिस्तान की टी-20 वर्ल्ड कप टीम-** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अय्यूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तारिक।

# भारत अंडर-19 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा




## पाकिस्तान को 58 रन से हराया, वेदांत की फिफ्टी आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल को 3-3 विकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलवायो

भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी खेली।

पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान ने 66 रन बनाए, जबकि भारत की तरफ से कप्तान आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लिए।

अंडर-19 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। मैच 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। मैच 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे से बुलवायो में खेला जाएगा।

वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। पाकिस्तान से अब्दुल सुभान ने 3 और मोहम्मद सय्याम ने 2 विकेट लिए।

## कजाकिस्तान की रायबकिना पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेलबर्न

कजाकिस्तान की टेनिस स्टार एलिना रायबकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मैच में टॉप सीड बेलारूसी स्टार आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। वे यह खिताब जीतने वाली कजाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं। 26 साल की रायबकिना ने पहली बार इस ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता है। 3 साल पहले वे फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन तब उन्हें सबालेंका के हाथ पराजय का सामना करना पड़ा था। आज रायबकिना ने उस हार का बदला ले लिया। रायबकिना ने पहले सेमीफाइनल मैच में अमेरिका की जेशिगा पेगुला को 6-3, 7-6 से हराकर बाहर किया था। दो घंटे तक चला फाइनल मुकाबला दो घंटे 16 मिनट तक चले इस मुकाबले में कजाकिस्तानी स्टार ने पहला सेट जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन दूसरे सेट में सबालेंका ने जोरदार वापसी की। उसके बाद रायबकिना ने तीसरा सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

# चोटिल पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे बैक इंजरी से रिकवर नहीं हो पाए हैं। उनकी जगह लेफ्टी पेसर बेन ड्वारशुइस को मौका दिया गया है। कमिंस के अलावा, मैथ्यू शॉर्ट भी अपनी जगह नहीं बचा सके हैं। उनके स्थान पर मैट रैनशॉ को चुना गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान किया। मिचेल मार्श को कप्तानी दी गई है। वहीं, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनली और मैथ्यू कुह्नेमन जैसे युवाओं को मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। फिलहाल, ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेल रही है। टीम को पहले मैच में 22 रन की पराजय झेलनी पड़ी। सीरीज का दूसरा मैच आज शाम 4:30 बजे से लाहौर में खेला जाएगा। 3 प्लेयर्स वर्ल्ड कप डेब्यू करेंगे स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वारिशिस जैसे गेंदबाजों पर है। एडम जम्पा और नाथन एलिस भी बॉलिंग लाइनअप का हिस्सा हैं। पैट कमिंस की वापसी टली पिछले कुछ समय से इंजरी से परेशान रहे पैट कमिंस का नाम टीम में शामिल नहीं है। वे टीम के साथ पाकिस्तान दौरे पर भी नहीं गए थे। उम्मीद की जा रही थी कि वे वर्ल्ड कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन:-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्क्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**जनगणना 2027 के लिए आम बजट में**

# 6000 करोड़ रुपये का आवंटन, डेटा संग्रहण डिजिटल होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026-27 में जनगणना 2027 के लिए 6,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। कोविड-19 के कारण छह साल की देरी के बाद यह जनगणना 1 अप्रैल 2027 से शुरू होगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट में जनगणना 2027 के लिए 6,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह राशि पिछले साल के 1,040 करोड़ रुपये से छह गुना अधिक है। यह ऐतिहासिक जनगणना 2027 की प्रक्रिया कोविड-19 महामारी के कारण हुई देरी के बाद 1 अप्रैल 2027 से शुरू होगी। जनगणना भारत में प्रत्येक दस साल में होने वाली महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो देश की जनसंख्या, सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का आंकलन करती है। इसे 2021 में आयोजित किया जाना था, लेकिन महामारी के कारण यह एक साल के लिए स्थगित हो गई थी।

**बजट में 6,000 करोड़ रुपये का बड़ा आवंटन-** केंद्रीय बजट 2026-27 के तहत, 6,000 करोड़ रुपये का आवंटन भारत सरकार ने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय और अन्य संबंधित योजनाओं के लिए किया है। इसमें राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर और जनगणना 2027 पर होने वाले खर्चों को कवर किया जाएगा। इस बजट के मुताबिक, जनगणना 2027 का संदर्भ तारीख 1 अक्तूबर 2026 के लिए निर्धारित की गई है, जो कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों के लिए लागू होगी। शेष भारत में यह 1 मार्च 2027 से लागू होगी।

**रविवार 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया**

# बाहर से निजी इस्तेमाल के सामान मंगाना हुआ सस्ता

## बजट में आधी की गई कस्टम ड्यूटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रविवार 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। इसमें कस्टम ड्यूटी को भी कम किया गाया। यह उन लोगों के लिए राहत है जो विदेश से शॉपिंग करके भारत लाते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज पेश बजट में लोगों को एक बड़ी राहत दी है। यह राहत निजी उपयोग के लिए आयातित सामानों पर है। उन्होंने सभी ड्यूटीएबल सामान पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने का ऐलान किया। मतलब अब इन सामानों पर सीमा शुल्क आधा हो गया है। 50 फीसदी की यह कटौती कस्टम ड्यूटी स्ट्रक्चर को रेशनलाइज करने और आयात को आसान बनाने के उद्देश्य से की गई है। इससे विदेश से इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, कपड़े, जूते और अन्य पर्सनल यूज आइटम्स मंगाना काफी सस्ता हो जाएगा, खासकर उन लोगों के लिए जो ऑनलाइन शॉपिंग या विदेश यात्रा से सामान लाते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह फैसला घरेलू बाजार को मजबूत बनाने और उपभोक्ताओं को राहत देने का हिस्सा है। पहले निजी आयात पर भारी ड्यूटी से लोग हिचकते थे, लेकिन अब यह बदलाव वैश्विक उत्पादों तक पहुंच बढ़ाएगा और अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ावा देगा। डीएचएल और सीबीआईसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ इंडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स) के अनुसार, कस्टम ड्यूटी कैलकुलेशन एचएस कोड (हामोर्नाइज्ड सिस्टम) पर आधारित होता है, जो 8-अंकीय क्लासिफिकेशन से सामान की कैटेगरी तय करता है।

### कस्टम ड्यूटी कैलकुलेट

डीएचएल की गाइडलाइन के मुताबिक, निजी आयात के लिए कस्टम ड्यूटी कैलकुलेशन के स्टेप्स इस प्रकार हैं

- असेसेबल वैल्यू (एवी) तय करें: यह




सामान की कॉस्ट, इंश्योरेंस और फ्रेट (सीआईएफ) वैल्यू होती है। इनवॉइस, शिपिंग बिल जैसे डॉक्यूमेंट्स से वैल्यू प्रूव करें।
- बीसीडी अप्लाई करें: एवी पर एचएस कोड के आधार पर बीसीडी रेट लगाएं (अब निजी सामान के लिए 10 फीसदी)।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज (एसडब्ल्यूएस): बीसीडी अमाउंट पर 10 फीसदी।
- आईजीएसटी वैल्यू: एवी + बीसीडी + एसडब्ल्यूएस।
- आईजीएसटी अप्लाई करें: आईजीएसटी वैल्यू पर एचएस कोड के आधार पर रेट (जैसे 0%, 5%, 12%, 18% या 28%)।
- टोटल ड्यूटी: बीसीडी + एसडब्ल्यूएस + आईजीएसटी (प्लस अन्य लागू ड्यूटी जैसे एंटी-डंपिंग या सेस)।
- निजी उपयोग के सामान के लिए बैगेज रूल्स के तहत कुछ छूट मिलती है, लेकिन ड्यूटीएबल आइटम्स पर यह कैलकुलेशन लागू होता है।

### प्रस्तावित बदलाव से कितनी बचत होगी?

- उदाहरण के तौर पर, 40,000 रुपए सीआईएफ वैल्यू वाले एयर कंडीशनर (एचएसएन कोड 84151020) पर कैलकुलेशन:
- पुरानी दरों पर (बीसीडी 20%):
- बीसीडी: 40,000 रुपए .20% = 8,000 रुपए
- एसडब्ल्यूएस: 8,000 रुपए .10% = 800 रुपए
- आईजीएसटी वैल्यू: 40,000 रुपए + 8,000 रुपए + 800 रुपए = 48,800 रुपए
- आईजीएसटी: 48,800 रुपए .28% = 13,664 रुपए
- टोटल: 8,000 रुपए + 800 रुपए + 13,664 रुपए = 22,464 रुपए

### नई दरों पर (बीसीडी 10%):

- बीसीडी: 40,000 रुपए .10% = 4,000 रुपए
- एसडब्ल्यूएस: 4,000 रुपए .10% = 400 रुपए
- आईजीएसटी वैल्यू: 40,000 रुपए + 4,000 रुपए + 400 रुपए = 44,400 रुपए
- आईजीएसटी: 44,400 रुपए .28% = 12,432 रुपए
- टोटल: 4,000 रुपए + 400 रुपए + 12,432 रुपए = 16,832 रुपए
- बचत: 22,464 रुपए - 16,832 रुपए = 5,632 रुपए (लगभग 25% की कुल बचत)।
- ये बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। एचएस कोड के आधार पर रेट्स सीबीआईसी की वेबसाइट पर चेक किए जा सकते हैं। यह फैसला ई-कॉमर्स आयात को बढ़ावा देगा, लेकिन घरेलू मैन्युफैक्चरर्स पर असर पड़ सकता है। अब उपभोक्ताओं के लिए विदेशी ब्रांड्स ज्यादा किफायती होंगे।

**बजट से देश के**

# एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा

## लाखों को मिलेगा रोजगार


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बजट 2026 में एमएसएमई सेक्टर का भी खास ध्यान रखा गया है। इससे देश में चलने वाली छोटी छोटी फैक्ट्रियों को मदद मिलेगी। बजट से देश की निर्माण इकाइयों को बल मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के साथ-साथ एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने की कोशिश की है। यही कारण है कि देश के एमएसएमई सेक्टर से बजट पर लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली में जगह-जगह छोटी-छोटी फैक्ट्रियों में विभिन्न वस्तुओं का निर्माण होता है और इसमें लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि दिल्ली से भी बजट को लेकर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। विशेषकर छोटे-छोटे उत्पादों को निर्माण करने वाले लोगों ने इस बजट का जबरदस्त स्वागत किया है। दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. अनिल गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि बजट से देश की निर्माण इकाइयों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक विकास की धुरी विनिर्माण उद्योग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हैं। केंद्र सरकार ने बजट में जिस तरह इस सेक्टर को बढ़ावा दिया है, उससे यह साफ हो गया है कि सरकार निर्माण को बढ़ावा देकर देश को एक सुदृढ़ बनाने का काम किया है। डॉ. अनिल गुप्ता ने कहा कि इस बजट में एमएसएमई क्षेत्र को केवल सहायता प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास का सक्रिय भागीदार माना गया है। उन्होंने कहा कि दस हजार करोड़ के समर्पित एमएसएमई विकास कोष से उद्योगों को इक्विटी आधारित विस्तार पूंजी उपलब्ध होगी जो नए निवेश और रोजगार सृजन को गति देगी। इसके साथ ही स्वावलंबी भारत कोष में 2,000 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान विकासशील उद्योगों को मिश्रित वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा एमएसएमई से की जाने वाली खरीद को व्यापार देय रसीद छूट प्रणाली (टी-रेड्स) मंच पर अनिवार्य करना, समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगा। साथ ही ऋण गारंटी न्यास योजना के अंतर्गत बिना संपार्श्विक कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना एमएसएमई क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है।

**बजट में ग्लोबल पॉवर बनने का दिखा विजन**

# लोकलुभावन नीतियों से नहीं, निर्माण-तकनीक से आगे बढ़ेगा देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय बजट में इस बार लोकलुभावन घोषणाओं नहीं दिखीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस बजट में एक विजन है। यही विजन देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाता हुआ दिखाई देता है। आइए समझते हैं, इस बजट में ऐसा क्या है जिससे देश को ग्लोबल पॉवर बनाने की सोच साफ दिखाई देती है।

अब तक जब भी बजट आता था, पूरे देश की मीडिया के साथ-साथ आम लोगों का ध्यान केवल इस बात पर रहता था कि आयकर की दरें कितनी कम या ज्यादा हुईं, कौन सी वस्तुएं सस्ती या महंगी हुईं, या सरकार ने किस वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए किस राज्य को कौन सी योजना उपहार में दी है। लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026 के बजट में ऐसा विजन पेश किया है जो किसी वर्ग को लुभाने की बजाय देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ को मजबूत बनाता हुआ दिखाई देता है। बजट में देश के परंपरागत आर्थिक क्षेत्रों को मजबूत बनाते हुए भविष्य के सेक्टरों को मजबूत करते हुए देश को ग्लोबल पॉवर बनाने की सोच साफ दिखाई देती है।

बजट पेश होने से पहले कई आर्थिक विशेषज्ञ इस बात का आकलन कर रहे थे कि सरकार किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की राशि छः हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रति वर्ष कर सकती है। इस पर 90 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष तक का खर्च आने का अनुमान था। इसी तरह आयुष्मान योजना में ज्यादा विशाल वर्ग को शामिल करने और अन्य वर्गों के लिए विशेष योजनाओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा था। लेकिन सरकार ने ऐसी किसी भी लोकलुभावन नीति से परहेज रखा।

संभवतः सरकार के सामने कोई बड़ा चुनाव न होने के कारण भी उसे इस तरह का बजट बनाने की सहूलियत मिली है। आने वाले समय में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन सरकार ने इसे राज्य स्तरीय राजनीति पर ही हैंडल करने की सोच दिखाई है। यूपी और पश्चिम बंगाल को हाई स्पीड रेल और जल मार्गों से व्यापार बढ़ाने की योजनाओं का लाभ बजट से अवश्य मिला है, लेकिन लेकिन इसे चुनावी कदम नहीं कहा जा सकता।

यह सरकार की उसी सोच का अंग है जिसके अंतर्गत वह पूरे देश में आर्थिक ढांचा मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है। भारत की अर्थव्यवस्था अब तक कृषि, पशुपालन और एमएसएमई सेक्टर के सहारे मजबूत बनी हुई है। इसमें देश की एक बड़ी आबादी को रोजगार भी मिलता है। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से एफएमसीजी सेक्टर को भी एक विशाल बाजार मिलता है। बजट में सरकार ने कृषि उत्पादों को बढ़ावा देकर इसी वर्ग को आर्थिक मजबूती देने का काम किया है। एमएसएमई सेक्टर की 6.5 करोड़ इकाइयों से देश के 35 करोड़ लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान व्यक्त किया जाता है। सरकार ने बजट के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने का काम किया है। हेल्थ सेक्टर में भारत आज भी एक बड़ी शक्ति है। दुनिया के तमाम देशों में इलाज महंगा होने के कारण लोग भारत इलाज कराने आते हैं। स्वयं भारत के 140 करोड़ की आबादी के लिए एक बड़ा हेल्थ सिस्टम चाहिए। स्वस्थ नागरिकों के भरोसे ही भारत 2047 में विकसित देशों की कतार में शामिल होने का सपना देख सकता है।

**मिलेगी छुट्टे से राहत, आरबीआई का निर्देश**

# अब एटीएम से निकलेंगे 10 20, 50 रुपए के भी नोट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अक्सर बाजार, ऑटो या बस में सफर के दौरान 500 का नोट देना लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। दुकानदार हों या ऑटो चालक अक्सर जवाब मिलता है, छुट्टे नहीं हैं। छोटे नोटों (10, 20, 50) की कमी से आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होती रही हैं। अब इस समस्या से राहत की खबर सामने आई है।

केंद्र सरकार छोटे नोटों की किल्लत दूर करने के लिए हाइब्रिड एटीएम लगाने की योजना पर काम कर रही है। ये एटीएम केवल नकदी निकालने तक सीमित नहीं होंगे, बल्कि बड़े नोटों को छोटे नोटों में बदलने की सुविधा भी देंगे। यानी अब 500 या 200 का नोट डालकर मशीन से 10, 20 और 50 के नोट प्राप्त किए जा सकेंगे।

**मुंबई में शुरू हुआ ट्रायल-** इस योजना का ट्रायल फिलहाल मुंबई में किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इन हाइब्रिड एटीएम को बाजारों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों जैसी अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर लगाया जाएगा, जहां नकदी की जरूरत सबसे ज्यादा होती है।

**नकद पर निर्भर तबके को मिलेगी राहत-** भले ही डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा हो, लेकिन दिहाड़ी मजदूर, छोटे दुकानदार, सब्जी विक्रेता और रोजाना सफर करने वाले लोग आज भी नकदी पर निर्भर हैं। उनके लिए छुट्टे नोटों की कमी एक बड़ी रोजमर्रा की समस्या बनी हुई है। हाइब्रिड एटीएम इस वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित हो सकते हैं।

**आरबीआई की भी अहम भूमिका-** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इस योजना में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जरूरत पड़ने पर छोटे मूल्य के नोटों की छपाई बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि एटीएम में छुट्टों की कोई कमी न हो। सरकार और आरबीआई का साफ कहना है कि मकसद नकदी को खत्म करना नहीं, बल्कि नकदी को लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना है।

## बद्रीनाथ धाम के पुजारी बोले- अविमुक्तेश्वरानंद ही हमारे शंकराचार्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विवाद अब यूपी से निकलकर उत्तराखंड तक पहुंच गया है। यूपी के मंत्री धर्मपाल सिंह जहां साफ कह चुके हैं कि सरकार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं मानती। वहीं, बद्रीनाथ धाम से जुड़ी डिमरी पंडितों की पंचायत अविमुक्तेश्वरानंद को ही शंकराचार्य मान रही। यही वजह है कि उन्हें गाडू कलश (तेल कलश) यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा चुका है। डिमरी समाज का कहना है कि उनका फैसला किसी मंत्री या सरकार के बयान के आधार पर नहीं, सनातन परंपरा के अनुसार होता है। शंकराचार्य की पहचान आस्था और परंपरा से तय होती है, न कि राजनीतिक या प्रशासनिक रुख से। हमने सबसे पहले श्री बद्रीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी से बात की। उन्होंने 25 जनवरी को अविमुक्तेश्वरानंद को बद्रीनाथ के कपाट खुलने से पहले होने वाली गाडू कलश यात्रा का न्योता भेजा है।

उन्होंने साफ कहा कि वे किसी मंत्री के बयान से नहीं, बल्कि सनातन परंपरा से चलते हैं। उन्होंने कहा- यूपी के मंत्री का अपना मत हो सकता है। लेकिन, हम प्रमाणिकता के आधार पर बात करते हैं। 2022 में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती जी के दो ही शिष्य थे- एक सदानंद सरस्वती और दूसरे अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती। एक को द्वारका और दूसरे को ज्योतिषपीठ की जिम्मेदारी दी गई। हम सनातनी और परंपरावादी लोग हैं। हमारे लिए वे शंकराचार्य हैं।

## अंडरवियर में महिला के साथ नजर आए पूर्व ब्रिटिश राजदूत: एपस्टीन फाइल्स में सामने आई तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन की अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए फाइल्स में एक तस्वीर सामने आई है। इसमें मैंडेलसन एक महिला के साथ सिर्फ अंडरवियर और शर्ट में नजर आए हैं, महिला बाथरोब में है।

तस्वीर सामने आने के बाद मैंडेलसन ने पीएम कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मंडेलसन ने कहा कि वे पार्टी को और शर्मिंदगी नहीं देना चाहते, इसलिए पार्टी की सदस्यता छोड़ रहे हैं। नए दस्तावेजों में बैंक रिकॉर्ड दिखाए गए हैं, जिनमें 2003 और 2004 में एपस्टीन ने मैंडेलसन से जुड़े खातों में कुल 75,000 अमेरिकी डॉलर के तीन अलग-अलग भुगतान किए थे, हर भुगतान 25,000 डॉलर का था।

पिछले साल सितंबर में एपस्टीन से उनके पुराने संपर्क सामने आने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। स्टार्मर ने मैंडेलसन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें पिछले साल ही राजदूत पद से हटा दिया गया था और अब वे इस पर कुछ नहीं कहना चाहते। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफ्री एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2,000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। जारी हुए दस्तावेजों में एक ईमेल सामने आया है, जिसमें 2009 में मंडेलसन ने एपस्टीन को बताया था कि वे ब्रिटिश सरकार पर बैंकर्स के बोनस पर टैक्स को लेकर लॉबिंग कर रहे हैं। दिसंबर 2009 के एक ईमेल में एपस्टीन ने मंडेलसन से पूछा था क्या बैंकरों के बोनस पर टैक्स सिर्फ कैश हिस्से पर लगाया जा सकता है।

# राजस्थान, यूपी-MP बारिश के साथ ओले गिरे: खड़ी फसलों को नुकसान

## जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में फिर से बर्फबारी शुरू





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर भारत के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में फिर से बर्फबारी और बारिश हुई है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में रविवार को बारिश और ओलावृष्टि हुई।

यूपी के 15 जिलों में बारिश और मुजफ्फरनगर समेत 4 जिलों में ओले भी गिरे। वहीं राजस्थान में रविवार दोपहर बाद कोटा, चित्तौड़गढ़ में ओले गिरे। मध्य प्रदेश के नीमच और मंदसौर जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई और ओले गिरे। ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और काजीगुंड के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं श्रीनगर समेत दक्षिण कश्मीर के कई हिस्सों में बारिश हुई। गुलमर्ग सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रविवार को बर्फबारी शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश में भी रविवार को बर्फबारी-बारिश हुई। शिमला जिले के शिलारू और कुल्लू के कोठी में 5 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। वहीं मनाली में सबसे ज्यादा 10 मिलीमीटर बारिश हुई। राज्य का सबसे कम तापमान लाहौल-स्पीति के ताबो गांव में माइनस 3.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## राजस्थान के 12 जिलों में बारिश-ओले गिरने की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर रविवार (1 फरवरी) को भी रहा। कोटा और चित्तौड़गढ़ में दोपहर बाद कई जगह बादल छाए। कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे, जबकि जयपुर और अजमेर संभागों में हल्के बादल और धुंध छाई रही। जोधपुर संभाग में आसमान साफ रहा और धूप रहने से तापमान में बढ़ोतरी हुई। उधर, सोमवार सुबह सीकर शहर और पलसाना (सीकर) में घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। चित्तौड़गढ़ में रविवार रात तेज बारिश हुई। कनेरा घाटा क्षेत्र में ओले गिरे। सोमवार सुबह घने कोहरे के साथ दिन की शुरूआत हुई। सुबह 8 बजे धूप निकल आई।

# लखनऊ,भोपाल-जयपुर जैसे शहरों को 5000 करोड़ मिलेंगे, चुनावी राज्य तमिलनाडु-बंगाल को रेल कॉरिडोर की सौगात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को 2026 का बजट पेश किया। संसद में 85 मिनट के भाषण में उन्होंने अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट, टैक्स फाइल में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और 3 नए आयुर्वेदिक अक्क्टर जैसी बातें कहीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद के पहले बजट में देश का रक्षा बजट ?6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर ?7.84 लाख करोड़ किया गया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2% की बढ़ोतरी हुई। हथियार खरीदी, सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के ?1.80 लाख करोड़ के मुकाबले ?2.19 लाख करोड़ खर्चे जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22% की बढ़ोतरी है।

इस साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव होने हैं। सीतारमण के भाषण में इन राज्यों पर सीधा असर डालने वाली बड़ी घोषणाएं नहीं रहीं, लेकिन तमिलनाडु-बंगाल को हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की सौगात मिली है।

बजट में सिटी इकोनॉमिक रीजंस (उक्क्र) के तहत अगले 5 साल के लिए टियर-2/3 शहरों के लिए ?5,000 करोड़ का फंड के लिए रखा गया है। इनका उद्देश्य भोपाल, जयपुर, पटना जैसे शहरों में आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देना है।

### बजट 2026: चुनाव वाले राज्यों को क्या मिला

वाराणसी-सिलीगुड़ी, चेन्नई-हैदराबाद के बीच हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेगा। इससे पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को फायदा होगा।

केरल और तमिलनाडु में डेडिकेटेड रेयर अर्थ कॉरिडोर बनेगा। इस साल दोनों राज्यों में विधानसभा सभा चुनाव हैं।

नारियल संवर्धन योजना का ऐलान किया गया है, जिससे तमिलनाडु और केरल के किसानों को फायदा होगा।

मत्स्य पालन योजना का ऐलान हुआ है। इससे तमिलनाडु और केरल जैसे समुद्री किनारे वाले राज्यों को फायदा है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में बुद्ध सर्किट बनेगा। असम को फायदा होगा।

### बजट 2026: सबसे बड़ी घोषणाएं

इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं, लेकिन रिवाइज्ड रिटर्न फाइल के लिए 3 महीने ज्यादा मिलेंगे।

रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़।

कैंसर की 17 दवाओं समेत अन्य मेडिसिन से आयात शुल्क हटाया।

3 आयुर्वेदिक अक्क्टर, मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब।

करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल।

## पेपर पर लिखा- कभी भी फट जाएगा; 237 यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जाएगी

# वाराणसी में इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वाराणसी में इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। विमान के टॉयलेट में एक पेपर पर लिखा था- 'विमान में बम है, कभी भी फट सकता है'। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट को हार्ट अलर्ट कर दिया गया। तुरंत रनवे और डिपार्चर एरिया खाली कराया गया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। आपात स्थिति से निपटने के लिए 10 से अधिक एम्बुलेंस लगा दी गईं। यात्रियों को विमान से उतारा गया। 3 से 4 बार उनकी चेकिंग की गई। करीब 2 घंटे पूछताछ चली। गोमती जोन के डीसीपी आकाश पटेल और एसीपी प्रतीक चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अब यात्रियों से अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में अ से ` तक लिखवाया जा रहा है। 1 से 10 तक नंबर भी लिखवाए जा रहा हैं। यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जा रही है।

इंडिगो की फ्लाइट (6ए-6719) हैदराबाद से रविवार शाम वाराणसी आ रही थी। विमान में कुल 237 यात्री सवार थे। फ्लाइट ने हैदराबाद में शाम 4 बजकर 30 मिनट पर टेकऑफ किया था।

विमान वाराणसी हवाई क्षेत्र में था, तभी वॉशरूम में क्रू मेंबर को एक कागज मिला, जिस पर बम होने की बात पेंसिल से लिखी हुई थी। पेपर पर लिखा था- विमान में बम है और कभी भी फट सकता है।


पायलट ने इसकी तत्काल सूचना वाराणसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल (अळउ) को दी। अळउ ने तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग की तैयारी शुरू कराते हुए सिक्योरिटी के कंट्रोल रूम को जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर का असर, सेना को 1 लाख करोड़ ज्यादा

# 10 साल में सबसे बड़ा इजाफा; लड़ाकू विमान और इंजनों के लिए 64 हजार करोड़

**बजट पर ऑपरेशन सिंदूर का साफ असर दिखा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा बजट में पिछले 10 सालों का सबसे बड़ा इजाफा किया है। उन्होंने तीनों सेनाओं के लिए कुल 7.84 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। यह 2025-26 के मुकाबले करीब 1 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। यानी कुल 15% की बढ़ोतरी हुई है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। सरकार के मुताबिक 6 मई से शुरू हुआ यह ऑपरेशन आज भी चल रहा है। माना जा रहा है कि इसी के चलते डिफेंस बजट में बढोतरी की गई है।**







## गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स छूट अब 8 साल बाद; करदाता के लिए क्या बदला

**वित्तमंत्री का 85 मिनट लंबा बजट भाषण और साढ़े 53 लाख करोड़ रुपए का हिसाब-किताब। आम लोगों के लिए इसे समझना एकदम टेढ़ी खीर है। ऐसे में भास्कर के 3 एक्सपर्ट्स से समझिए बजट की 8 बारीक बातें, जो आपकी जिंदगी पर असर डालेंगी और जिन्हें जानना बेहद जरूरी है...**

### 1. स्थिर अर्थव्यवस्था के चलते बैलेंस बजट आया

हर बार बजट में उम्मीद की जाती है कि कोई बड़ा ऐलान या योजना शुरू हो, लेकिन इस बार ऐसा कुछ खास नहीं हुआ।

दरअसल, जब स्टेबल इकोनॉमी यानी स्थिर अर्थव्यवस्था होती है तो बजट में सरकार कोई बड़े ऐलान नहीं करती है।

भारत की इकोनॉमी 7% से ज्यादा की दर से ग्रो कर रही है और स्थिर है। वहीं पिछले साल 12 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री की गई थी, जिससे मिडिल क्लास और नौकरीपेशा वालों को फायदा हुआ।

बड़े ऐलान नहीं करने के बाद भी बजट साइज बढ़ा है। पिछले साल के मुकाबले 7.1% की बढ़ोतरी के साथ इस बार 53.47 लाख करोड़ का बजट आया है।

सरकार ने इकोनॉमी को स्थिर रखने, लोगों की अपेक्षा और उनके खर्च करने की हैसियत बढ़ाने पर फोकस किया है।

### 2. टैक्स पेयर को कोई छूट क्यों नहीं?

डिफेंस बजट बढ़ाया गया है। कई योजनाएं अनाउंस की गई लेकिन टैक्स पेयर्स के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। सरकार के पास अभी टैक्स छूट देने जरूरी स्पेस नहीं रहा होगा।

सरकार ने यह जरूर कहा है कि अप्रैल 2026 से टैक्स से जुड़े नियम आसान होने जा रहे हैं। इससे मिडिल क्लास और रिटायर्ड लोगों की उम्मीदों को झटका लगा है।

लोगों को यह भी उम्मीद थी की फिक्स्ड डिपोजिट यानी ऋकी ब्याज पर लगने वाला टैक्स कम हो, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभी बैंकों में ऋ कम हो रही है, क्योंकि इसके ब्याज पर 30% से ज्यादा टैक्स लगता है। ऐसे में लोग म्यूचल फंड और इक्विटी में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। लोगों को उम्मीद थी कि इसमें बदलाव हो लेकिन किसी वजह से इसे मुद्दे को एड्रेस नहीं किया गया।

### 3. रिटर्न फाइल करने और बदलने का ज्यादा समय मिलेगा

इनकम टैक्स रिटर्न यानी क्ळफफाइल करने की डेट में थोड़ा बदलाव हुआ है। ITR-1 और ITR-2 फाइल करने वाले पहले की तरह ही 31 जुलाई तक रिटर्न फाइल कर सकेंगे। क्ळफ 3 और क्ळफ4 वालों के लिए सीमा 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

इनकम टैक्स रिटर्न को रिवाइज करने की सीमा 31 दिसंबर से बढ़कर 31 मार्च कर दी गई है।

## सेना को मिलने वाले बजट में मुख्य रूप से 4 पार्ट होते हैं :

### 1. कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी हथियार खरीद के बजट में 22% की बढ़त

इस बार तीनों सेनाओं के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर 2.19 लाख करोड़ रुपए मिले हैं, जो पिछले साल से 21.84% ज्यादा है। पिछले साल यह 1.80 लाख करोड़ रुपए था। इस बजट के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल हथियार खरीद और मॉडर्नाइजेशन पर होता है।

### 2. रेवेन्यू खर्च यानी सैलरी भी बढ़ सकती है

इसमें सेना के वेतन, भत्ते और दैनिक संचालन का खर्च शामिल है। इसमें लगातार वृद्धि हुई है।

### 3.रिटायर्ड सैनिकों के लिए पेंशन बजट

डिफेंस पेंशन का बजट एक बड़ा हिस्सा है, जो पूर्व सैनिकों के लिए है, जिसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### 4. सिविल डिफेंस बजट में मामूली कटौती

इसमें रक्षा मंत्रालय के नागरिक प्रशासनिक खर्च और कोस्ट गार्ड के खर्च शामिल होते हैं, जिनमें समय-समय पर मामूली बदलाव होते रहते हैं।

### डिफेंस बजट पर ऑपरेशन सिंदूर का असर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह बजट देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इससे सेना की तैयारियां और ज्यादा मजबूत होंगी।

### 114 राफेल की डील, नए एयरक्राफ्ट और इंजन पर खर्च

रक्षा बजट में सबसे ज्यादा ध्यान लड़ाकू विमान और एयरो इंजन पर दिया गया है। इसके लिए 63,733 करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, नेवी बेड़े के लिए 25,024 करोड़ रुपए दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच 114 राफेल जेट की डील होने वाली है।

### रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए 17 हजार करोड़ रुपए

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च बढ़ाया गया है। इसके लिए 17,250 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस रकम से नई तकनीक, स्वदेशी हथियार और आधुनिक सिस्टम विकसित किए जाएंगे। सरकार चाहती है कि भारत सिर्फ हथियार खरीदे नहीं, बल्कि बनाए भी।

### कस्टम ड्यूटी हटाने से डिफेंस इंडस्ट्री को फायदा

वित्त मंत्री ने बजट में विमान और रक्षा उपकरण बनाने में इस्तेमाल होने वाले इम्पोर्टेड कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इससे फैसले से देश की डिफेंस और एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सीधा फायदा मिलेगा। उत्पादन सस्ता होगा और निजी कंपनियों का निवेश बढ़ेगा।

### डिफेंस बजट में भारत, चीन से पीछे लेकिन पाकिस्तान से आगे

पिछले साल चीन का रक्षा बजट करीब 247 बिलियन डॉलर यानी 22.6 लाख करोड़ रुपए रहा। अनुमान है कि इस साल 2026 में ये 300 बिलियन डॉलर यानी 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकता है।

वहीं पाकिस्तान ने भी रक्षा बजट में तेज बढ़ोतरी की है। पिछले साल उसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद 81 हजार करोड़ का डिफेंस बजट पेश किया, जो 2024 से 20% ज्यादा था। हालांकि, 2025 में रक्षा बजट में बढ़ोतरी के लिए पाकिस्तान को अपने कुल बजट में 7% की कटौती करनी पड़ी थी। जबकि भारत ने कुल बजट को पिछले साल से लगभग 8% बढ़ाते हुए रक्षा बजट को 15% बढ़ाया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खीच-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | हु | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | म | ला | ■ | की | त | न | ■ | क |
| ■ | र | की | ब | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | व |
| र | कि | ■ | ब | ■ | र | हु | र | ■ |
| ह | ■ | म | ज | क | ■ | नी | या | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | व | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | न | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | य | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | चि | रे |
| र | या | या | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.


---

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचर - बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे,
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया,
ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और
ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला - और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
(नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई)।

00000000000

पप्पू फिजिक्स का एग्जाम देने गया, पेपर में सवाल पूछा गया...
सवाल - कौन सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
पप्पू का जवाब - बेसन के पकौड़े।

00000000000

पप्पू - पापा मुझे मैडम रोज मार लगाती हैं।
पापा - तू डर मत बेटे, तू तो शेर का बच्चा है!
पप्पू - मैडम भी यही कहती हैं।
पापा - क्या?
पप्पू - ना जाने किस जानवर की औलाद है
कुछ पढ़ता ही नहीं!

00000000000

पत्नी - तुम प्यार करते हो मुझे?
पति - हां, बिल्कुल शाहजहां की तरह।
पत्नी - मतलब मेरे मरने के बाद ताजमहल बनवाओगे?
पति - मैं प्लॉट ले चुका हूं पगली, देर तो तू कर रही है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# विदेश घूमना सस्ता होगा, सरकार ने टैक्स घटाया




## कैंसर की 17 दवाएं सस्ती; शराब महंगी हो सकती है, ट्रेडिंग पर भी टैक्स बढ़ा

**बजट में अब बस इम्पोर्ट ड्यूटी के घटने-बढ़ने से सामानों के दाम थोड़े बहुत ऊपर-नीचे होते हैं। ज्यादातर चीजों के दाम GST काउंसिल तय करती है।**

### सस्ता

### 1. कैंसर की दवाइयां सस्तीः 17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म

सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।

### 2.माइक्रोवेव ओवन सस्तेः पुर्जो पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी

घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने।

### 3. एश बैटरी और सोलर पैनल सस्तेः इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री

एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।

### 4. जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं: एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर छूट

एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं..

सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है। लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब 'शू अपर्स' के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी।

***सस्ता क्यों होगाः जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी-फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे।***

### 5. विदेश घूमना सस्ता होगाः सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया

अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स (ळउर) लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है।

### 6. एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ताः पुर्जो पर कस्टम ड्यूटी हटी

नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग (टफ्ड) के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी।

### 7. विदेशी सामान मंगाना सस्ताः पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स घटा

विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाने मंगाना सस्ता हो जाएगा। सरकार ने ऐसे सामान पर लगने वाले टैक्स को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

### महंगा

शराब पर 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है। इससे शराब की कीमतें बढ़ सकती है, क्योंकि इससे दुकानदार के मुनाफे पर असर होगा।

फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (रळ्ळ) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है।

'सोर्स पर टैक्स कलेक्शन'। यह एक तरह का एडवांस इनकम टैक्स है। दुकानदार जो 2% टैक्स अभी सरकार को देगा, उसे वह साल के आखिर में अपना इनकम टैक्स रिटर्न (क्ळफ) भरते समय एडजस्ट कर सकता है।

STT ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजैक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।

### नॉलेज पार्टः GST काउंसिल तय करती है ज्यादातर चीजों के दाम

22 सितंबर 2025 से ऋ्रळ के चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया था। अब केवल 5% और 18% के स्लैब में ऋ्रळ लगता है। ऋ्रळ काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। इससे घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और अउ खरीदना भी सस्ता हो गया है।

### सवाल : अगर बजट में ड्यूटी आज बदली, तो क्या दुकान पर सामान कल से ही सस्ता मिलने लगेगा?

जवाबः नहीं। यह सबसे बड़ा भ्रम है। बजट में टैक्स बदलने का असर 'नए स्टॉक' पर पड़ता है। जो सामान दुकानदार की शेल्फ पर पहले से रखा है, वह पुरानी कीमत पर ही बिकेगा। बजट का असर दिखने में समय लगता है। वहीं दाम घटना या बढ़ना तय नहीं होता। यह पूरी तरह कंपनियों पर निर्भर करता है। कई बार सरकार ड्यूटी घटाती है, लेकिन कंपनियां अपना प्रॉफिट मार्जिन बढ़ाने के लिए कीमतें कम नहीं करतीं।

### 90% चीजों के दाम GST से तय होते हैं

| फीचर | GST (काउंसिल तय करती है) | बजट (वित्त मंत्री तय करती हैं) |
|---|---|---|
| दायरा | देश में बनने वाली 90% चीजें और सेवाएं। | विदेशी कच्चा माल या तैयार सामान। |
| कब बदलता है | साल में कभी भी (काउंसिल की मीटिंग में)। | साल में सिर्फ एक बार (1 फरवरी को बजट में)। |
| उदाहरण | दूध, दही, रेस्टोरेंट बिल, सीमेंट, कार, फोन। | सोना, कच्चा तेल, विदेशी खिलौने |

### एक साल में क्या सस्ता और क्या महंगा...

| प्रोडक्ट | 1 जनवरी 2025 | 31 दिसंबर 2025 | सस्ता/महंगा |
|---|---|---|---|
| पेट्रोल (1 L) | ₹95 | ₹95 | 0 |
| डीजल (1 L) | ₹88 | ₹88 | 0 |
| घरेलू गैस | ₹803 | ₹853 | ₹50 (6%) |
| कॉमर्शियल गैस | ₹1804 | ₹1691 | ₹113 (-6%) |
| सोना (10 Gm) | ₹76 हजार | ₹1.30 लाख | ₹54 हजार (71%) |
| चांदी (1 KG) | ₹86 हजार | ₹2.30 लाख | ₹1.44 लाख (167%) |
| तुअर दाल (1 KG) | ₹156 | ₹115 | ₹41 (-26%) |
| चावल (1 KG) | ₹43 | ₹43 | 0 |
| आलू (1 KG) | ₹33 | ₹26 | ₹7 (-21%) |
| टमाटर (1 KG) | ₹37 | ₹52 | ₹15 (41%) |
| प्याज (1 KG) | ₹42 | ₹29 | ₹13 (-31%) |
| दूध (1 लीटर) | ₹59 | ₹59 | 0 |
| शक्कर (1 KG) | ₹44 | ₹46 | ₹2 (5%) |
| आटा (1 KG) | ₹37 | ₹37 | 0 |
| सोया तेल (1 L) | ₹143 | ₹146 | ₹3 (2%) |

## बजट के बाद सेंसेक्स 1546 अंक गिरकर 80,722 पर बंद

### निफ्टी भी 495 अंक टूटा, वजह- F&O पर टैक्स बढ़ाया; कल भी गिरावट का अनुमान

बजट के बाद 1 फरवरी (रविवार) को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2% गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटा, ये 24,825 के स्तर पर बंद हुआ।

सरकार ने फ्यूचर्स ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% किया। ऑप्शंस प्रीमियम और एक्सरसाइज पर भी रळ्ळ को बढ़ाकर 0.15% किया है।

इस वजह से ही बाजार में यह गिरावट आई। बीते सात साल में बजट के दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 2020-21 बजट के दिन सेंसेक्स 987 अंक और निफ्टी 300 अंक गिरकर बंद हुआ था।

### BSE में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 11 लाख करोड़ रुपए घटा

तेज बिकवाली के बीच इरए में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 11 लाख करोड़ रुपए कम हो गया। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही।

BEL, SBI और अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6% तक की गिरावट रही। सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 6% तक की गिरावट देखने को मिली। मेटल, मीडिया, ऋ्रउऋ मीडिया और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट रही।

### बजट के दिन ऐसी रही बाजार की चाल

**बजट भाषण के बादः** कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2,370 अंक गिरकर अपने दिन के निचले स्तर 79,899 पर आ गया था। वहीं निफ्टी भी 750 अंक गिरकर 24,571 के निचले स्तर पर आ गया था।

**बजट भाषण के दौरानः** सेंसेक्स 1,600 अंक यानी 2% गिरकर 80,600 पर आ गया। वहीं निफ्टी भी करीब 550 अंक गिरकर 24,800 के स्तर पर आ गया।

**बजट से पहलेः** सुबह 9:15 बजे सेंसेक्स 100 अंक की गिरावट के साथ 82,156 के स्तर पर खुला था। निफ्टी भी करीब 50 अंक गिरकर 25,275 के स्तर पर ओपन हुआ था।

### बाजार में आगे भी रह सकती है गिरावटः एक्सपर्ट्स

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार, जियो पॉलिटिकल टेंशन और बजट में शेयर मार्केट को लेकर कोई घोषणा न होने के चलते इस हफ्ते बाजार में गिरावट रहने की संभावना है।

HDFC सिक्योरिटीज के टेक्निकल एनालिस्ट नंदीश शाह का कहना है कि निफ्टी ने 24,900-25,450 के कंसॉलिडेशन रेंज को तोड़ दिया है। यह संकेत है कि बाजार में एक बार फिर पोजिशनल डाउनट्रेंड शुरू हो चुका है।

■ वर्ष-12 अंक-91 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 02 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम्।
श्रियं देवीमुप ह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

**भावार्थ** : जिन देवी के आगे घोड़े तथा उनके पीछे रथ रहते हैं तथा जो हस्तिनाद को सुनकर प्रमुदित होती हैं, उन्हीं श्रीदेवी का मैं आव्हान करता हूँ; लक्ष्मी देवी मुझे प्राप्त हों।

कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम्॥

**भावार्थ** : जो साक्षात ब्रह्मरूपा, मंद-मंद मुस्कराने वाली, सोने के आवरण से आवृत, दयार्द्र, तेजोमयी, पूर्णकामा, अपने भक्तों पर अनुग्रह करनेवाली, कमल के आसन पर विराजमान तथा पद्मवर्णा हैं, उन लक्ष्मीदेवी का मैं यहाँ आव्हान करता हूँ।


## सम्पादकीयम्

### ट्रम्पस्य शुल्ककार्यक्रमः

रूसस्य नामधेयेन भारतं चीनं च आक्रमणं कृत्वा, अमेरिकीराष्ट्रपतिः स्वस्य असफलतां च्छादयितुं प्रयतते रूसदेशात् तैलं क्रीणन्तेषु देशेषु ५००% शुल्कं आरोपयितुं डोनाल्ड ट्रम्पस्य नूतनः प्रस्तावः अन्तर्राष्ट्रीयनियमानां विरुद्धं अस्ति। अमेरिकादेशस्य एतत् कदमः भारतं, चीनं, ब्राजील् इत्यादीन् देशान् लक्ष्यं करोति, यस्य उद्देश्यं भवति यत् रूसः युक्रेन-युद्धाय संसाधनानाम् संग्रहणं न करोति इति। ट्रम्प (२) ९. वेनेजुएला-ग्रीनलैण्ड्-देशयोः उलझितः डोनाल्ड ट्रम्पस्य शुल्क-गाथा समाप्तः न अस्ति। तस्य नूतनं प्रस्तावितं विधेयकं तस्मादपि एकपक्षीयं, मनमाना, अन्तर्राष्ट्रीयनियमविरुद्धं च अस्ति। एतेन अमेरिकीराष्ट्रपतिः अन्यदेशेषु दबावं दातुं शक्तिं प्राप्स्यति इति वक्तुं स्वस्य सर्वकारः न लज्जते। अन्येषां उपरि व्यापारः। नूतनविधेयकस्य अनुसारं रूसदेशात् तैलं क्रीणन्तेषु देशेषु ५००% शुल्कं आरोपयितुं शक्यते। आगामिसप्ताहे अस्मिन् विधेयकस्य विषये मतदानं भविष्यति। अमेरिकादेशः मुख्यतया भारतं, चीनं, ब्राजील् च लक्ष्यं करोति। तस्य बहानानि तदेव पुरातनम् अस्ति यत् रूसदेशः एतेभ्यः देशेभ्यः तैलं विक्रीय युक्रेनयुद्धस्य संसाधनं संग्रहयति। परन्तु वास्तविकता एषा यत् युद्धनिवारणार्थं अमेरिका-यूरोपयोः सर्वे प्रयत्नाः अपर्याप्ताः सिद्धाः, परन्तु वाशिङ्गटन-देशः तस्याः असफलतायाः दोषं अन्येषां कृते दातुम् इच्छति। रूसदेशे कोऽपि प्रभावः नास्ति।

#### सम्बन्धितविभागेभ्यः च स्पष्टतया आग्रहं कृतवान् यत्

# वषार्णां यावत् नियोजितानां सवेर्षां सुरक्षाकर्मचारिणां




ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

२०२४ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे निजीसुरक्षासंस्थायाः प्रत्येकस्मात् कर्मचारिणः ४०,००० रुप्यकाणि यावत् अवैधरूपेण लुण्ठनस्य प्रकरणं प्रकाशितम्। प्रबलविरोधानाम् अनन्तरं तत् धनं प्रत्यागतम्। एषा घटना सूचयति यत् संस्थायाः अन्तः व्यवस्थिताः अनियमिताः चिरकालात् प्रचलिताः सन्ति, अतः सर्वकारः प्रशासनं च एतत् अवगतम् अस्ति।

धर्मेन्द्र तिवारी इत्यनेन अपि उक्तं यत् संस्थायाः निदेशकेन कर्मचारिभ्यः वासस्थानस्य आश्वासनं दत्तम्। एतादृशे सति एषा व्यवस्था तत्क्षणमेव कार्यान्वितव्या, फरवरी-मासस्य प्रथमदिनात् आरभ्य, येन कोऽपि कर्मचारी स्वस्य कार्यं नष्टं न करोति, तेषां परिवाराः आर्थिककष्टस्य सामनां न कुर्वन्ति सः स्पष्टतया पृष्टवान् यत् यदि निदेशकेन आश्वासनं दत्तं यत् कोऽपि निष्कासितः न भविष्यति, सर्वे सेवायां एव तिष्ठन्ति तर्हि स्थले एतत् किमर्थं न अनुसृतं भवति? सः केन्द्रसर्वकारात्, राज्यसर्वकारात्, सम्बन्धितविभागेभ्यः च स्पष्टतया आग्रहं कृतवान् यत् वषार्णां यावत् नियोजितानां सवेर्षां सुरक्षाकर्मचारिणां निष्कासनस्य निर्णयः तत्क्षणमेव विपर्यस्तः भवतु, तेभ्यः नियमितरूपेण वा स्थायिरूपेण वा रोजगारः अथवा सम्माननीयाः वैकल्पिकव्यवस्थाः प्रदत्ताः भवेयुः, संस्थायां भ्रष्टाचारस्य उच्चस्तरीयं अन्वेषणं करणीयम्, अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि करणीयाः, तथा च रोगीनां परिचयार्याः गुणवत्ता कथमपि सुनिश्चितं न भवतु इति सम्झौतां कृतवान्।

तिवारी इत्यनेन अपि आरोपः कृतः यत् संस्थायां वैद्यसमूहः बहिः दुकानदारेभ्यः धनं गृह्णाति, कनिष्ठकर्मचारिभ्यः च उत्पीडयति इति शिकायतां निरन्तरं प्राप्यन्ते, येन सम्पूर्णप्रशासनिकव्यवस्थायाः विषये प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। एतेषां प्रकरणानाम् निष्पक्षतया अन्वेषणं करणीयम्, अपराधिनां विरुद्धं कठोरं कार्यवाही करणीयम् इति सः आग्रहं कृतवान्। जनतादलेन स्पष्टीकृतं यत् अस्मिन् विषये प्रभावितसुरक्षाकर्मचारिभिः सह दृढतया तिष्ठति, आवश्यकता चेत् आक्रामककार्याणि कर्तुं न लज्जयिष्यति। तया अपि आग्रहः कृतः यत् सीआईपी प्रशासनेन कर्मचारिणां विरुद्धं दाखिलानि एफआईआर-पत्राणि तत्क्षणमेव रद्दं कुर्वन्तु, येन भयस्य, दबावस्य च वातावरणं समाप्तं भवेत्। इदानीं तिवारी इत्यनेन सूचितं यत् केन्द्रीयसुरक्षाराज्यमन्त्री संजयसेठः सम्पूर्णविषये सूचितः अस्ति। मन्त्रिणा आश्वासनं दत्तं यत् एषः विषयः तस्य सूचनानुसारम् अस्ति, कार्यं प्रचलति, सुरक्षाकर्मचारिणः कोऽपि निष्कासितः न भविष्यति।

#### स्नेहनगरे एकः

# मत्तः धनी जनः भगदड़ं कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मदनमहलपुलिसक्षेत्रस्य अन्तर्गतस्य आलीशानक्षेत्रे स्नेहनगरे शुक्रवासरे रात्रौ विलम्बेन एकः भयानकः मार्गदुर्घटना अभवत्, येन क्षेत्रस्य शान्तिः पूर्णतया बाधितवती। समाचारानुसारं गतरात्रौ प्रातः १२ वादनस्य समीपे यदा सम्पूर्णं नगरं द्रुतनिद्रा आसीत् तदा मद्यपानेन श्वेतवर्णीयस्य एर्टिगाकारस्य चालकः मार्गपार्श्वे निरुद्धं स्विफ्टकारं एतावता बलेन प्रहारं कृतवान् यत् तया पादकन्दुकवत् उड्डीयमानं कारं गभीरे नालिकायां प्रेषितम्।

प्रत्यक्षदर्शिनां स्थानीयनिवासिनां च मते अस्य टकरावस्य शब्दः एतावत् प्रबलः आसीत् यत् समीपस्थेषु गृहेषु सुप्ताः जनाः विस्फोटस्य भयात् बहिः आगतवन्तः, तत्र आतङ्कः अपि आक्रान्तः दिष्ट्या रात्रौ विलम्बेन एव दुर्घटना अभवत् यदा यातायातः पूर्णतया अवरुद्धः आसीत्, नालिके पतितस्य यानस्य अन्तः कोऽपि नासीत् अन्यथा अस्याः प्रमादस्य परिणामः विनाशकारी वा घातकः वा भवितुम् अर्हति स्म।

नालीयां पतितानां एर्टिगा-स्विफ्ट्-कारयोः अग्रभागाः सम्पूर्णतया भग्नाः, वाहनानि च मलिनतारूपेण न्यूनीकृतानि इति तथ्यतः दुर्घटनायाः तीव्रता ज्ञातुं शक्यते स्थानीयजनाः अवदन् यत् एर्टिगा-चालकः एतावत् मत्तः आसीत् यत् सः सर्वथा बेहोशः अभवत्, तस्मात् सः घटनास्थले स्तब्धः दृष्टः। घटनायाः सूचनां प्राप्य मदनमहलपुलिसस्य दलं घटनास्थले आगत्य स्थितिं मूल्याङ्कितवान्। क्रेनस्य साहाय्येन नालीतः कारं बहिः आकर्षयितुं पुलिसैः प्रयत्नाः आरब्धाः, अभियुक्तं चालकं च निग्रहे गृहीतम्। तस्य रक्ते मद्यस्य मात्रायाः पुष्ट्यर्थं चिकित्सापरीक्षा प्रचलति।

### लघु-लघु-अङ्कीय-क्रियाकलापाः अपि प्रायः महत्त्वपूर्ण-चर्चा-अनुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

लघु-लघु-अङ्कीय-क्रियाकलापाः अपि प्रायः महत्त्वपूर्ण-चर्चा-अनुमानं च प्रेरयितुं शक्नुवन्ति। सायना इत्यस्याः मतं यत् वास्तविकजीवने सम्बन्धाः कार्येण परिस्थित्या च निर्धारिताः भवन्ति, न तु सामाजिकमाध्यमस्य बटनैः। ज्ञातव्यं यत् सैना इति चलच्चित्रे परिणीतिचोपड़ा एकस्य क्रीडकस्य संघर्षान्, विजयान्, मानसिकबलं च पदार्यां चित्रयितुं प्रयतते स्म यद्यपि एतत् चलच्चित्रं बक्स् आफिस-मध्ये प्रमुखं सफलतां न प्राप्तवान् तथापि परिणीतेः अभिनयस्य प्रशंसा अवश्यमेव अभवत्। चलचित्रनिर्माणकाले तयोः मध्ये किमपि विग्रहः, विच्छेदः वा इति सूचनाः न प्राप्ताः। सैनायाः वक्तव्येन स्पष्टं जातं यत् तस्याः इन्स्टाग्रामे तस्य अनुसरणं न करणीयम् इति विषये यत्किमपि अनुमानं भवति तत् केवलं सामाजिकमाध्यमस्य निर्माणम् एव आसीत्।

### राशिफल

**मेष** : आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। कामकाज में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे थकान महसूस हो सकती है।

**वृषभ** : वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन संतुलन और समझदारी का है। काम में आपकी मेहनत नजर आएगी।

**मिथुन** : सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। कामकाज में दबाव रह सकता है किसी बात को लेकर असमंजस भी बना रहेगा।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए दिन भावनात्मक रह सकता है। परिवार और रिश्तों से जुड़ी बातें मन पर असर डाल सकती हैं।

**सिंह** : आज आत्मविश्वास से भरा दिन है। कामकाज में आपकी बात सुनी जाएगी और तारीफ भी मिल सकती है।

**कन्या** : आज का दिन थोड़ा व्यस्त रह सकता है। काम में बारीकियों पर ध्यान देना पड़ेगा, नहीं तो गलती हो सकती है।

**तुला** : आज हर मामले में संतुलन बनाकर चलना होगा। काम और रिश्तों दोनों में समझदारी की जरूरत है।

**वृश्चिक** : आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। कामकाज में धैर्य रखें और किसी से टकराव से बचें।

**धनु** : आज का दिन सकारात्मक संकेत लेकर आया है। कामकाज में नए मौके मिल सकते हैं।

**मकर** : मकर राशि वालों को आज मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है। काम में दबाव रहेगा, लेकिन परिणाम संतोषजनक मिलेंगे।

**कुंभ** : कुंभ राशि वालों के लिए आज नए विचार और योजनाओं का दिन है। काम में कुछ नया करने का मौका मिलेगा।

**मीन** : मीन राशि वालों को आज भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। कामकाज में खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# फरवरी में 4 बड़े ग्रहों का गोचर, जानें किन राशि वालों की चमकेगी किस्मत और किसे रहना है अलर्ट

फरवरी महीने की शुरूआत हो चुकी है। इस माह कई ग्रह अपनी चाल बदलते हुए राशियों पर अपना प्रभाव डालेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं कि, किसे लाभ और किसे नुकसान हो सकता है।

साल 2026 का फरवरी माह प्रारंभ हो चुका है। इस महीने कई प्रमुख ग्रह अपनी राशि बदलेंगे और सभी 12 राशियों को शुभ-अशुभ फल प्रदान करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 3 फरवरी 2026 को बुद्धि के कारक बुध ग्रह कुंभ में प्रवेश करेंगे। फिर 6 फरवरी को शुक्र ग्रह भी इसी राशि में अपना स्थान लेंगे। इसके बाद 13 फरवरी 2026 को सूर्य देव कुंभ राशि में एंट्री करेंगे और माह के अंतिम दिनों में 23 फरवरी को मंगल ग्रह भी इसी राशि में आ जाएंगे। इन चार ग्रहों का एक ही राशि में गोचर करना चतुर्ग्रही योग का निर्माण भी करेगा, जिसे



बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, ग्रहों की इस चाल से किन राशियों को लाभ और किसकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए फरवरी माह उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। खर्च अधिक बढ़ेंगे और आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। नए लोगों से मुलाकात होगी परंतु संवाद के समय विशेष सावधानी रखनी होगी। निवेश के लिए अभी धैर्य रखना होगा।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों को धन लाभ होने के योग बनेंगे। छात्रों की मेहनत रंग लेकर आएगी लेकिन रिश्तों में समय आपके लिए माह मिलाजुला रहने वाला है। माह का प्रारंभ खचीर्ला होगा और यात्रा पर भी आप जा सकते हैं। नई वस्तु खरीदने का विचार टाल सकते हैं।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है। नए लोगों से मुलाकात करेंगे और नया घर खरीदने का सपना पूरा होगा। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। नया व्यापार को लेकर कोई फैसलें ले सकते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। रिश्तों में भी उतार-चढ़ाव रह सकता है। इस दौरान परीक्षा का तनाव आपके ऊपर बना रहेगा।

**सिंह राशि-** आपके लिए समय सकारात्मक रहने वाला है। नई-नई चीजों को सीखने का प्रयास सफल होगा। कामकाजी महिलाओं के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है। ससुराल पक्ष की तरफ से विशेष सुख-सहयोग की प्राप्ति होगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए माह के प्रारंभ में कुछ चुनौतियां आएंगी। पुराने कार्यों का प्रभाव बना रहेगा और आपका तनाव बढ़ेगा। युवाओं का अधिक समय मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों को धन लाभ हो सकता है और कोई वाहन आप खरीद सकते हैं। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी मांगलिक कार्य के योग बन सकते हैं। प्रेम विवाह के योग बनेंगे।

**वृश्चिक राशि-** आपके लिए समय सेहत की दृष्टि से अनुकूल बना हुआ है। पारिवारिक मसले को सुलझाने के लिए आपको बड़ा रोल निभाना पड़ेगा। छात्रों का मन पढ़ाई लिखाई से उचट सकता है। इस समय लेखन से जुड़े लोग विशेष सफलता प्राप्त करेंगे।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह समय मिश्रित फलदायी रहेगा। प्रिय व्यक्ति की खराब सेहत चिंता का कारण बन सकती है। छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में मनचाहा परिणाम प्राप्त होगा। यह समय आर्थिक और पेशेवर मामलों में अवसर लेकर आएगा।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के विवाह योग्य लोगों की शादी की बात चल सकती है। परिवार के सदस्यों की तरफ से अपेक्षित सुख-सहयोग प्राप्त होता रहेगा। निवेश से भी अच्छा लाभ मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। नई नौकरी के प्रयास सफल होते हुए नजर आएंगे।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए समय सामान्य रहने वाला है। भाई-बहनों की तरफ से आपको पूरा सुख सहयोग प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों की आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों की इस समय मुश्किलें बढ़ सकती हैं। व्यापार में बड़ी डील होने से आपको लाभ तो मिलेगा परंतु खर्च भी अधिक होगा। सेहत परेशान कर सकती हैं।




## खबर एक नजर...

### चालक ने बीच मार्ग पर बिना संकेतक खड़ा किया डंपर

**उज्जैन।** मक्सीरोड भैसोदा फंटा पर शनिवार-रविवार रात चालक ने बीच मार्ग पर डंपर क्रमांक एमपी 13 जीबी 2101 खड़ा किया था। जहां से लोट्स ग्रीन कालोनी में रहने वाला राजेश पिता बद्रीलाल सोनी अपनी कार से गुजर रहा था। मार्ग पर अंधेरा होने पर उसे बीच मार्ग पर खड़ा डंपर दिखाई नहीं दिया और कार पीछे से टकरा गई। घटनाक्रम में जहां कार क्षतिग्रस्त हुई वहीं राजेश चोंट लगने पर घायल हो गया। मामले की जानकारी पंवासा थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि चालक ने बिना संकेतक और स्टापर लगाये बिना डंपर को खड़ा किया था। उसकी लापरवाही से कार टकराई है। पुलिस ने कार चालक राजेश की शिकायत पर डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक बीच मार्ग पर वाहन खड़ा करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### रेलवे के खंडहर मकानों के बीच पड़ा मिला लेपटॉप

**उज्जैन।** दौंड-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन से शुक्रवार रात सूरत रहने वाले रिची रिचर्डसन का बेग एची कोच पी-4 से चोरी हो गया था। जिसमें 1.24 लाख कीमत का लेपटॉप और आईपेड रखा हुआ था। रिची रिचर्डसन सूरत से इंदौर की यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर उसने जीआरपी थाना पुलिस को बेग चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार-रविवार रात जीआरपी की टीम रेलवे परिसर में सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरान पुराने रेलवे क्वार्टर के आसपास सर्चिंग की जा रही थी, उसी दौरान खंडहर मकान के पास बेग पड़ा दिखाई दिया। जिसे खोला गया तो उसमें लेपटॉप और आईपेड रखा होना सामने आया। जिसे थाने लाया गया, जो सूरत के यात्री का होना सामने आया। पुलिस ने आशंका जताई कि बेग में नगद राशि नहीं मिलने पर चोरी करने वाले फेंक दिया होगा। जिसका पता लगाने के लिये प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज भी देखे जायेगें।

### हरिफाटक ब्रिज के पास 2 दुर्घटना, युवक-महिला घायल

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर रविवार सुबह और शाम के बीच 2 सड़क दुर्घटना में एक युवक और महिला घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। पहली दुर्घटना सुबह 8 बजे के लगभग गोल्डन पेट्रोल पंप के सामने हुई। बाइक पर सवार रामबाबू पिता गोकुल निवासी नलखेड़ा को आयशर ने टक्कर मार दी थी। रामबाबू टाटा कंपनी में सीमेंट मिक्सर ट्राला चलाने का काम करता है। रविवार होने पर वह दोस्त रोहित के साथ बाइक से नलखेड़ा लौट रहा था। दूसरी दुर्घटना शाम को 4 बजे लगभग क्षिप्रा ढाबे के सामने हुई। बाइक पर सवार सरिका और उसके पति अंकित पाल निवासी जयसिंहपुरा को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सारिका घायल हुई है। दोनों मामलो में अस्पताल से सूचना मिलने पर नीलगंगा पुलिस ने जांच शुरू की है।

2 3 6

---

### बाइक से आये थे बदमाश, कैमरों के फुटेज खंगाल रही पुलिस

# आंखों में मिर्ची झोंककर 2 किसानों से लूटे 1.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पशु बेचकर लौट रहे 2 किसानों के साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। किसानों की आंखों में मिर्ची झोंकी गई थी। मामला कायथा थाना क्षेत्र का है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम नलेसरी में रहने वाले 2 किसान सतीश शाह और रामलाल मक्सी बाजार में पशु बेचने गये थे। जहां भैंस का सौदा कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। रामपुरा मार्ग लक्ष्मीपुरा फंटा पर पीछे से बाइक पर सवार 2 बदमाश आये और उन्होने पहले किसानों की बाइक को टक्कर मारी। संतुलन बिगड़ने पर दोनों किसान गिर गये। बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश ने दोनों की आंखों में मिर्ची झोंकी और डेढ़ लाख रुपए नगद लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े किसानों के साथ हुई लूट का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे। एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि किसानों की शिकायत पर बदमाशों का सुराग तलाश जा रहा है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।



#### मक्सी से पीछे लगे होने की आशंका

माना जा रहा है कि जिस तरह से बदमाशों ने किसानों के साथ आंखों में मिर्ची झोंककर लूट को अंजाम दिया है, बदमाश मक्सी से पीछे लगे होगें। पशु बाजार में उन्होने रैकी की होगी। सौदा करने के बाद लौटते समय उन्होने सूनसान रास्ता देखा और वारदात कर भाग निकले। बदमाश आसपास के रहने वाले हो सकते है। दोनों किसानों के साथ हुई लूट की वारदात के बाद ग्रामीणों और अन्य किसानों में भय का माहौल व्याप्त हो गया।

#### बदमाश किसानों को पहुंचा रहे नुकसान

कायथा में पिछले कुछ महिनों से बदमाशों द्वारा किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। दिपावली के बाद कायथा थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नदी किनारे खेतों में पानी के लिये लगाई विद्युत मोटर चोरी की वारदातों को बदमाशों ने अंजाम दिया। कई किसानों की दर्जनों मोटर चोरी के मामले पुलिस के पास पहुंचे थे। लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पाया था। अब जहां किसान मौसम की मार झेल रहा है, वहीं बदमाशों ने लूटपाट भी शुरू कर दी है।

---

## ट्रेन में विवाद के बाद नागदा में गरमाया माहौल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दाहोद से उज्जैन आ रही ट्रेन में हुए विवाद के बाद नागदा में माहौल गरमा गया। रेलवे स्टेशन से मामला निकालकर बाहर आ गया। दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद की खबर लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि दाहोद से उज्जैन जा रही ट्रेन में वाल्मीकि समाज के कुछ लोग संत रविदास जयंती होने पर धार्मिक आयोजन अनुष्ठान के लिए दाहोद से उज्जैन आ रहे थे। चलती ट्रेन में खाचरोद के समीप उनका मुस्लिम युवकों से विवाद हो गया। ट्रेन में ही मारपीट हुई और नागदा पहुंचने पर मामला जीआरपी तक पहुंचा। इस बीच नागदा के हिंदूवादी संगठनों को खबर मिल गई और वह रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हो गए, कुछ देर में ही रेलवे स्टेशन के बाहर अफरा तफरी का माहौल बन गया और दो समुदायों के लोग आमने-सामने हो गए। विवाद की खबर लगते ही नागदा थाने का पुलिस बल रेलवे स्टेशन पहुंच गया था और वहां एकत्रित भीड़ को तीतर भीतर किया गया। इस बीच आसपास क्षेत्र के लोग भी माहौल देखा भयभीत हो गए थे। कुछ देर में ही स्थिति को नियंत्रण में लेकर मामला शांत किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार सुरक्षा और कानून व्यवस्था को देखते हुए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। बताया जा रहा है कि अफरा तफरी के बीच पत्थर बाजी हुई है जिसमें कुछ को मामूली चोट लगी है।



**दो समुदाय के युवकों में मारपीट, स्टेशन पहुंची पुलिस**

---

## पेड़ पर लटका मिला युवक का अर्द्धनग्न शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेठीनगर और वल्लभ नगर के लोग रविवार सुबह घरों से निकले तो उन्होने पेड़ पर युवक का अर्द्धनग्न शव लटका देखा। मामले की खबर मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक की देर शाम तक पहचान नहीं हो पाई थी।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि सुबह 8 बजे के लगभग खबर मिली थी कि सेठीनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर वल्लभनगर क्षेत्र के खाली क्षेत्र में लगे बबलू के पेड़ पर युवक की अर्द्धनग्न लाश लटकी हुई है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। फंदे पर लटका युवक 35 से 40 साल का प्रतीत हो रहा था। उसके शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। आसपास सर्चिंग की गई और कपड़ों की तलाश की गई। लेकिन कुछ नहीं मिला। शव को पेड़ पर बंधे फंदे से नीचे उतारा गया। फंदा रेलवे की चादर का होना सामने आया। मृतक के पैर की एडियों के नीचे का हिस्सा जख्मी था, संभवतः पेड़ पर चढ़ने के दौरान उसके पैर में जख्म हुआ था। आसपास लगी भीड़ में उसकी पहचान के प्रयास किये गये लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रख गया है। उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद घटनाक्रम स्पष्ट हो पायेगा। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, बावजूद सभी पहलूओं पर जांच जारी है।

---

### पगड़ी के कार्यक्रम से लौट रहे पति-पत्नी को कार ने कुचला

# इंगोरिया में 20 घंटे में 2 सड़क हादसे, 3 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग इंगोरिया क्षेत्र में शनिवार-रविवार के दरमियान 20 घंटे में 2 सड़क हादसे होना सामने आये। दोनों हादसों में 3 लोगों की मौत हुई है। दोनों दुर्घटना कार से होना सामने आई है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे के लगभग थाना क्षेत्र के ग्राम चिकली स्थित जागृति कोल्ड हाऊस के पास कार क्रमांक जीजे 23 सीएच 1431 ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में मौके पर दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान उनके नाम मेहरबानसिंह डाबी 58 साल और मानाबाई 55 साल निवासी ग्राम खडोतिया सांवेर इंदौर सामने आये। उनके साथ दूसरी बाइक पर मृतक मेहरबान का साला हेमसिंह पंवार भी आ रहा था। उसने बताया कि जीजा और बहन बाइक क्रमांक एमपी 09 वी एफ 2504 से उन्हेल के पास ग्राम नवादा में रिश्तेदार के यहां पगड़ी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद खडोतिया वापस लौट रहे थे। कार चालक ने ओव्हर टेक करने के प्रयास में टक्कर मारी है। थाना प्रभारी के अनुसार मौके से कार को जप्त कर लिया गया है। दोनों पति-पत्नी के शव एम्बुलेंस से बड़नगर अस्पताल भेजे गये है। जहां सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा।




#### शनिवार रात भी इसी मार्ग पर दुर्घटना

थाना प्रभारी के अनुसार शनिवार रात 8 बजे के लगभग जागृति कोल्ड हाऊस मार्ग के आगे महेश ढाबे के समाने कार क्रमांक एमएच 12 एलजे 4898 ने बाइक सवार अमृतलाल पिता कैलाश केवट 45 साल को टक्कर मार दी थी। उक्त दुर्घटना में अमृतलाल की मौके पर मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अमृतलाल की पत्नी इंगोरिया में रिश्तेदार के यहां आई हुई थी। अमृत उसे लेने आ रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार को जप्त कर दुर्घटना की जांच शुरू की गई है।

#### महिदपुर में युवक पर चढ़ा ट्रैक्टर का पहिया

सड़क हादसे का एक मामला महिदपुर के आमातलाई मार्ग ढाबला बाणी में शनिवार रात हुआ। राजा चौधरी और कपिल चौधरी ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 जेड एक्स 8836 से अपने गांव लौट रहे थे। ट्रेक्टर कपिल चला रहा था, उसने तेजगति से चलाते हुए गड्ढा कुदा दिया। ट्रेक्टर पर बैठा राजा चौधरी गिर पड़ा और उसके ऊपर से पहिया गुजर गया। दबने से राजा की मौके पर मौत हो गई। महिदपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रेक्टर जप्त किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com